# बिलासपुर भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार, 15 जून 2024




# नए आयाम और पायदानों को छू रही अटल यूनिवर्सिटी

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय नए आयाम और पायदानों को छू रहा है। कुलपति अचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई के ज्वाइन करने के बाद से ही विश्वविद्यालय का स्वरूप तेजी से सकारात्मक रूप में बदल रहा है। सबसे पहले यूजीसी से 12b की मान्यता विश्वविद्यालय को दिलवाने में और उसके निरीक्षण करने में सफलता हासिल की। उसके पश्चात लगातार उन्होंने रिसर्च प्रोजेक्ट को लाने में और विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट विकास के लिए लगातार कदम उठाए। साथ में उन्होंने रिसर्च प्रोजेक्ट योग में इंटरनेशनल और नेशनल लेवल पर होने वाले कॉन्फ्रेंस और नवाचार के जरिए विश्वविद्यालय के स्तर को ऊपर उठाया। इसके साथ ही लगातार विश्वविद्यालय के कुलपति अचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई के संपूर्ण अनुभव का फायदा भी विश्वविद्यालय को मिल रहा है। अभी विश्वविद्यालय में कुलपति के मार्गदर्शन में नैक की तैयारी लगातार की जा रही है। उसके सही मापदंड और रिसर्च प्रोजेक्ट एवं अन्य गतिविधियां जिससे नेट में अधिकतर रैंक मिल सके या अधिकतर ग्रेड प्राप्त हो इसके लिए कुलपति एवं प्राध्यापकों की टीम लगातार सभी विभागों के जरिए प्रयास कर रही है।




## अटल यूनिवर्सिटी के नवाचार

1. इंटर्नशिप, प्लेसमेंट के लिए अग्रणी होटल चेन, रेस्तरां और आतिथ्य संगठनों के साथ मजबूत साझेदारी स्थापित करना
2. नियमित प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करना, स्नातकों के लिए प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ उच्च प्लेसमेंट दर सुनिश्चित करना
3. सीखने के अनुभवों को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक रसोई, नकली होटल के कमरे और स्मार्ट कक्षाओं जैसी सुविधाओं को अपग्रेड करना
4. वैश्विक स्तर पर आतिथ्य उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पूर्व छात्रों को मान्यता देना
5. ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में एमबीए की शुरूआत
6. **AICTE** (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद) जैसी मान्यता प्राप्त संस्था से **BHMCT** मान्यता प्राप्त
7. कुल 22 छात्रों को रिलायंस रिटेल में नौकरी मिल चुकी है।

## भारत योग-तपस्या, कर्मों की धरती: कुलपति



अटल बिहारी वाजपेई के विश्वविद्यालय के कुलपति अचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेई ने आज श्री राम जन्मभूमि अयोध्या पर जो डाक टिकट जारी हुआ था, उसका अवलोकन विश्वविद्यालय में सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के बीच प्रदर्शित किया गया,इस डाक टिकट को देखकर सभी में उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया और सभी ने डाक टिकट को दिखा। यह कार्यक्रम मोरारजी देसाई फाउंडेंशन से विगत 3 वर्षों से अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय को मिल रहा है जिसमें पहले साल हमने मल्हार में कार्यक्रम किया था दूसरे वर्ष रतनपुर में और आज तीसरे वर्ष चैतुरगढ़ में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने कहा कि भारत योग और तपस्या,कर्मो की धरती है जिसमे गीता,वेद, उपनिषद,ग्रंथ से लेकर समग्रज्ञान भारत के गौरव मे समाये हुये हैं। योग अनुसंधान के माध्यम से सभी प्रकार की मानसिक एवं शारीरिक समस्याओं से निदान मिलता है, योग प्रक्रिया है जिसे ऋषियों ने योग एवं ध्यान के माध्यम से ही भारतीय परंपरा, ज्ञान एवं अनुसंधान को पूरे विश्व के कल्याण के लिए लाया।



## कल परीक्षा संपन्न हुई और आज निकला परिणाम

अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में बीएससी होम साइंस प्रथम द्वितीय एवं तृतीय के परीक्षा परिणाम जारी हुआ। इन दिनों पूरे प्रदेश में वार्षिक परीक्षाएं चल रही है, जिसमें अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय मे परीक्षा समाप्त होने के साथ ही परीक्षा परिणाम जारी होना शुरू हो गए है। प्रदेश मे अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम सबसे पहले जारी करने वाला विश्वविद्यालय है।

## परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान



छत्तीसगढ़ शासन ने डॉ. तरुण धर दीवान को परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेदारी जब से दी है परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेदारी संभालते ही परीक्षा विभाग में आने वाली सभी प्रकार की चुनौतियों का सामना करते हुए आज विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग,प्रदेश में सबसे अच्छे परीक्षा विभाग के रूप में जाना जा रहा है। साथ में विद्यार्थियों की सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान करने में एवं विद्यार्थियों के हित के लिए कार्य करने में आज अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग सबसे आगे है साथ ही डॉ. दीवान का एकेडमिक रिकॉर्ड भी बहुत ही शानदार है। उन्होंने ऐम टेक ( कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) एवं पीएचडी भी कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में की है। साथ में उन्होंने एम बी ए और एल एल एम की पढ़ाई भी की है।उन्हें यंग साइंटिस्ट अवार्ड एवं 11 बार बेस्ट रिसर्च पेपर अवार्ड, भारत शासन एवं छत्तीसगढ़ शासन से अवार्ड प्राप्त है।

## achievement

- Atal Bihari Vajpayee University, Bilaspur provided seed money of Rs 8.5 Lakhs as Start-Up Grants for 17 research projects in the year 2021. Details of projects that were funded by university are as follow
- Projects Dr. DSGVK Kaladhar Antimicrobial activity and Biochemical analysis of silver nanoparticles synthesized from root and stem extracts of Jatropha excisa

Dr. Latika Bhatia Assessment of bioaerosols in hospital environment of Bilaspur city
Dr. Seema Anil Belorkar Production of biological detergent using fungal lipase
Dr. Swati Rose Toppo To produce Garbage Enzyme and to study its biochemical and microbiological properties.
Mr. Dhermendra Kashyap Insilico identification of laterally transferred genes and their encoded proteins with virulent nature in Xanthomonas oryzae pv oryzae PXO99A causal organism of bacterial leaf blight disease in Rice (Oryza sativa L.)
Mr. Yashwant Patel Physico-chemical analysis of traditional foods of Chhattisgarh
Mr. Soumitra Tiwari Tikhur based Herbal Premix
Mrs. Rewa Kulshesthra Nutritional Interventions among College Students and Assistant Professors of Bilaspur post COVID-19 pandemic.
Mr. Hamid Abdullah Impact of COVID-19 on profitability of Hospitality Industry in Chhattisgarh
Mr. Harry George Assessment of opportunities and challenges of religious tourism in the context of ram van gaman circuit project in Chhattisgarh
Dr. Pooja Pandey Godhan Nyay Yojana and Financial Upliftment of Poor People
Dr. Sumona Bhattacharya Study of Supply Chain Management and Challenges of Farmers during COVID-19 in Chhattisgarh State
Mr. Gaurav Sahu A Study on Impact of Digital Marketing in Rural Areas With Special reference to Gaurela-Pendra-Marwahi District
Mr. Jeetendra Gupta Analysis and Monitoring of Water Quality using IoT based System
Mrs. Rashmi Gupta Analysis and Detection of Student's Attention Level during Online Learning
Ms. Shriya Sahu Design and implementation of computerized staff payroll information system
Prof. H. S. Hota Development of Corona virus identification system for health (Covis- Health) using deep learning techniques

## उन्नत कंप्यूटर लैब, स्मार्ट बोर्ड के साथ कक्षाओं के सेट के साथ विशाल अवसंरचना विकास से समृद्ध

- अत्यधिक सुसज्जित भौतिक और ई-लाइब्रेरी, स्वास्थ्य केंद्र, किलकारी, गेस्ट हाउस की स्थापना की गई है।
- अन्नपूर्णा कैंटीन, शहीद वीर नारायण सिंह व्यायामशाला की स्थापना की गई है।
- परिसर में शहीद स्मारक और अटल बिहारी वाजपेयीजी की मूर्ति सहित परिसर का सौंदर्यीकरण किया गया है।
- परिसर में बड़ी संख्या में पेड़ लगाए गए हैं और हर्बल गार्डन विकसित किया जा रहा है।
- सोलर लाइट जैसे ऊर्जा बचत उपकरण लगाए जा रहे हैं।
- विश्वविद्यालय ने शोध को बढ़ावा देने के लिए शोध पीठ की स्थापना की है।
- सीड मनी में सभी विभागों के नियमित संकायों को स्वीकृत धनराशि है।
- नियमित शिक्षकों के लिए सीएएस पदोन्नति को सतत प्रक्रिया के रूप में स्थापित किया गया है।
- विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी की गई है।
- योग और प्राकृतिक चिकित्सा विभाग की स्थापना की गई है।
- विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट विकसित की गई है।
- शैक्षणिक, प्रशासनिक और ऊर्जा लेखा परीक्षा आयोजित की जाती है।
- विश्वविद्यालय नियमित रूप से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाओं, सम्मेलनों और सेमिनारों का आयोजन करता है।
- विश्वविद्यालय एनएसएस सामाजिक विस्तार गतिविधियों में व्यापक रूप से योगदान देता है।
- प्रेरणा के लिए हर साल सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, छात्र और कर्मचारी पुरस्कारों की घोषणा की जाती है।
- कम्प्यूटर साइंस विभाग में ए.आई. कम्प्यूटर लैब की स्थापना।
- कम्प्यूटर साइंस विभाग में sए.आई की स्थापना।
- कम्प्यूटर साइंस विभाग में चार प्रयोगशालाओं की स्थापना।
- कम्प्यूटर साइंस विभाग के 17 छात्रो द्वारा यूजीसी नेट सहित 04 क्वालिफाई।
- कम्प्यूटर साइंस विभाग में विभागीय शोध केन्द्र (कम्प्यूटर साइंस) में 11 शोधार्थियों का प्रवेश।
- कम्प्यूटर साइंस विभाग मेंयूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैड इंस्टर्न शोर के तत्वावधान में दो अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन।
- कम्प्यूटर साइंस विभाग में आई-आई-टी-कानपुर से अनुबंध के अंतर्गत स्टूडेन्ट डेव्हलपमेन्ट प्रोग्राम ,वं
- इंटर्नशीप का आयोजन।
- नई दिल्ली से अनुबंध के अंतर्गत अकादमिक व प्रशासनिक विकास केन्द्र की स्थापना तथा कार्यक्रम






14- JUN- BSP- PG-1_Layout 1 6/15/2024 1:46 AM Page 1


तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 29.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 15 जून 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया




अशोक नगर जाने वाली सड़क पर लंबे समय से नाले का चेंबर खुला पड़ा है। कई लोग इससे टकराकर घायल भी हो चुके हैं।

एसपी ने 13 टीआई के बदले प्रभार

## विजय सिरगिट्टी तो सुम्मत कोतवाली प्रभारी



**बिलासपुर।** प्रशासनिक कसावट लाने और क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों के बढ़ने से रोकने के लिए शुक्रवार को एसपी रजनेश सिंह ने 13 टीआई के प्रभार बदल दिए हैं। इसमें शहर के थाना प्रभारियों को ग्रामीण और ग्रामीण थाना के प्रभारियों को शहर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें सिटी कोतवाली के प्रभारी विजय चौधरी को सिरगिट्टी थाना का प्रभार दिया गया है। वहीं रक्षित केद्र ने सुम्मत राम साहू को अब सिटी कोतवाली थाना का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा भारती मरकाम को सिरगिट्टी से महिला थाना प्रभारी बनाया गया है। हरीश ताण्डेकर को तखतपुर से बेलगहना चौका प्रभारी, देवेश सिंह राठौर को रतनपुर से तखतपुर, रजनीश सिंह को कोटा से रतनपुर, दामोदर मिश्रा को चकरभाठा से सकरी, अनिल अग्रवाल को तारबाहर से कोटा, गोपाल कृष्ण सतपथी को कोनी से तारबाहर, नवीन देवांगन को एयरपोर्ट सुरक्षा से कोनी थाना प्रभारी, रविंद्र अनंत को रक्षित केंद्र से चकरभाठा, अभय सिंह को सकरी से एयरपोर्ट सुरक्षा प्रभारी बनाया गया है। इसी के साथ ही विवेक पाण्डेय को बेलगहना चौकी से रक्षित केंद्र भेज दिया गया है।

शेयर मार्केट की तरह एप में लगा रहे थे पैसे

# ट्रेडिंग एप में झांसा देकर एसईसीएल के रिटायर्ड अधिकारी से 21 लाख 35 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शेयर मार्केट की तरह ट्रेडिंग एप में ऑनलाइन पैसे लगाकर उससे हाई इंट्रेस्ट कमाने का लालच देकर एसईसीएल के रिटायर्ड अधिकारी से 21 लाख 35 हजार की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। ऑनलाइन एप पर लगातार 1 माह तक रकम डालकर हाई इंट्रेस्ट अमाउंट को जब उन्होंने निकालने की कोशिश की तो अमाउंट उनके एकाउंट में ट्रांसफर ही नहीं हुआ। अब प्रार्थी ने रेंज स्तरीय साइबर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है।



1 माह बाद निकालने की बारी आई तो एकाउंट में शिफ्ट नहीं हुई रकम

सायबर थाना के सीएसपी निमीत सिंह ने बताया कि श्रीकांत वर्मा मार्ग के सांई परिसर में रहने वाले उधम कुमार 63 वर्ष एसईसीएल के रिटायर्ड अधिकारी है। उन्होंने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन प्लेटफार्म से शेयर मार्केट की तरह एक ट्रेडिंग एप डाउनलोड किया। इसमें उन्होंने पैसे लगाना शुरू किया। पहले 40 से 50 हजार के साथ शुरूवात की तो इंट्रेस्ट अच्छा मिलने लगा। धीरे-धीरे वे राशि बढ़ाते गए। 12 मई से एक माह के भीतर 21 लाख 35 हजार रूपए ऑनलाइन ट्रेडिंग एप पर लगाने के बाद राशि एकाउंट में नहीं आने पर ठगी का एहसास हुआ। ऐसे में उन्होंने रेंज स्तरीय सायबर थाना पहुंच मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

### राशि निकालने का भी मांगा प्रतिशत

पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए प्रार्थी ने बताया कि जब एक माह बाद वो ट्रेडिंग एप से अपना पैसा निकालने की कोशिश की तो राशि ट्रांसफर नहीं हुई। ऐसे में एप से राशि ट्रांसफर करने के लिए दिए हुए नंबर पर कॉल किया। कॉल उठाने वाले ने राशि निकालने के लिए भी अपना प्रतिशत यानी कमिशन मांगा। ऐसे में अफसर को समझ आ गया कि वो ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया है।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रिटायर्ड तहसीलदार से 10 लाख वसूलने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

कोनी क्षेत्र में रहने वाले रिटायर्ड तहसीलदार को अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख की वसूली करने वाले तीन युवकों को एसीसीयू और रेंज साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से मोबाइल, बैंक पासबुक जब्त की गई है। आरोपियों से पूछताछ में और भी मामलों का पर्दाफाश होगा।

एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि कोनी के अरपा ग्रींस कालोनी में रहने वाले शंकर पाटले 70 वर्ष रिटायर्ड तहसीलदार हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि आठ मार्च की रात उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से काल आया। फोन करने वाली महिला ने हलो कहने के बाद कॉल कट कर दिया। देर रात उनके मोबाइल पर वीडियो कॉल आया। कॉल में किसी का चेहरा नहीं दिख रहा था। अंदरुनी अंगों को दिखाते हुए कुछ देर में ही कॉल काट दिया गया। दूसरे दिन सुबह उनके मोबाइल पर फिर अनजान नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को साइबर क्राइम डीएसपी बताते हुए अश्लील वीडियो इंटरनेट मीडिया में अपलोड होने की जानकारी दी। साथ ही वीडियो को डिलीट कराने के लिए एक मोबाइल नंबर दिया। इसके बाद उन्हें बदनामी का डर दिखाकर वसूली शुरू कर दी गई। डरे हुए रिटायर्ड अधिकारी ने जालसाजों को 10 लाख रूपए दे दिए। इसके बाद भी उनसे रुपए मांगे जाते रहे। रिटायर्ड तहसीलदार ने घटना की शिकायत संभागीय साइबर थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया। जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

जिले में बढ़ रहा सेक्सटॉर्सन का मामला, एसपी ने लोगों को जागरूक रहने जारी की एडवायजरी



मामले का खुलासा करते एसपी रजनेश सिंह।

**इनकी हुई गिरफ्तारी**

रिटायर्ड अधिकारी की शिकायत पर एसीसीयू और रेंज साइबर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी के राजस्थान स्थित डींग जिला अंतर्गत हजारीबास और दोलाबास में होने की जानकारी मिली। पुलिस की टीम ने यहां पर दबिश देकर हजारीबास निवासी तारिफ मोहम्मद 25 वर्ष, मो. शमीम 21 वर्ष, दोलाबास निवासी अमजद खान 32 वर्ष को पकड़ लिया।

### एके 47 रायफल लेकर गांव में दबिश

एएसपी अनुज कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद बिलासपुर पुलिस की टीम जब राजस्थान पहुंची तो वहां की लोकल पुलिस ने भी सहायता की। 7 दिनों तक लोकल लोगों के साथ मिलकर आरोपियों के ठिकाने खोजे गए। पता चला कि भरतपुर से लगा हुआ जिला है। इस गांव में 90 प्रतिशत लोग ऑनलाइन ठगी का ही काम करते हैं। कोई भी यहां घुसता है तो पथराव शुरू हो जाता है। ऐसे में राजस्थान पुलिस के 3 वेन में 20 एके 47 रायफलधारी जवानों की टीम बिलासपुर पुलिस को उपलब्ध कराई। उनके साथ मिलकर गांव में घुसकर ठगी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### ऑनलाइन फ्राड से बचें: एसपी

जिले में बढ़ रहे सेक्सटॉर्सन के मामले को देखते हुए बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह ने भी एडवायजरी जारी की है। जिसमें उन्होंने लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचने और अनजान अधिकारी के फोन आने पर जिले के अफसरों से बात करने और जानकारी संबंधित थाने में देने की बात कही है। इसके साथ ही अनजान व्यक्ति से किसी तरह के ऑनलाइन ट्रांजेक्शन न करने की हिदायत दी है।

## प्रदेश के सरकारी स्कूलों की जर्जर हालत पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान



**बिलासपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों की जर्जर हालत पर हाईकोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की गई है। कोर्ट ने राज्य शासन को विस्तृत रिपोर्ट पेश करने कहा है। इसके लिए शासन ने दो सप्ताह का समय मांगा, जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। दरअसल, मीडिया में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर प्रकाशित खबरों पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका की तरह सुनवाई शुरू की है।

मामले को लेकर पूर्व में हुई सुनवाई में शासन ने बताया था कि राज्य सरकार ने पहले ही स्कूल भवनों और मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के सुधार के संबंध में कदम उठाए हैं। पूरे राज्य में स्कूलों की पहचान कर स्कूल प्रबंधन से रिपोर्ट मांगी गई है, और जरूरत के अनुसार मरम्मत और नवीनीकरण कराने के आदेश जारी किए गए हैं। बिलासपुर जिले की रिपोर्ट के अनुसार यहां 161 स्कूल ऐसे थे, जहां मरम्मत और उन्नयन किया गया। साथ ही आवश्यकता के मुताबिक नए कमरों का निर्माण किया गया।

■ जिले की रिपोर्ट के अनुसार 161 स्कूल ऐसे थे, जहां मरम्मत और उन्नयन किया गया

याचिका में सुनवाई की प्रक्रिया के दौरान ही तिफरा के स्कूल, शासकीय प्राथमिक शाला देवनगर, शासकीय प्राथमिक शाला लिंगियाडीह, शासकीय प्राथमिक कन्या शाला बिरकोना, शासकीय प्राथमिक शाला आशाबंद, शासकीय उर्दू प्राथमिक शाला खपरगंज और शासकीय प्राथमिक शाला आशाबंद के संबंध में भी कुछ समाचार प्रकाशित हुए थे। इन विद्यालयों के संबंध में उक्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक से रिपोर्ट मांगी गई थी। जो स्कूल जर्जर हालत में थे, वहां मरम्मत का काम शुरू हो चुका है।







हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 15 जून 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

विश्व रक्तदान दिवस विशेष

## एजुकेशन अपडेट

### एसएससी जेई पर दर्ज करा सकते हैं दावा आपत्ति

**बिलासपुर।** केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के अधीन तमाम विभागों एवं संगठनों में जूनियर इंजीनियर (सिविल, मेकेनिकल और इलेक्ट्रिकल) के घोषित रिक्त पदों पर भर्ती के लिए निर्धारित चयन प्रक्रिया के अंतर्गत पहले चरण में आयोजित पेपर-1 लिखित परीक्षा के लिए अनौपचारिक उत्तर-कुंजियां जारी कर दी गई हैं। इसके साथ ही एसएससी ने जूनियर इंजीनियर पेपर-1 आंसर-की डाउनलोड लिंक को आधिकारिक वेबसाइट, ssc.gov.in पर एक्टिव कर दिया है। जो उम्मीदवार 5 जून से 7 जून तक देशभर के विभिन्न शहरों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, वे आंसर-की डाउनलोड करने के साथ ही आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।




### नेट 18 को, जारी किए जाएंगे प्रवेश पत्र

प्रोफेसर के लिए होगी परीक्षा एनटीए आगामी 18 जून को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के जून-2024 सत्र का आयोजन करने जा रहा है। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन किए उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि से 3-4 दिन पहले जारी कर दिए जाएंगे। इससे पहले एनटीए ने उम्मीदवारों को आवंटित परीक्षा शहर (एग्जाम सिटी) की सूचना जारी की थी। परीक्षा निर्धारित 83 विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती, जेआरएफ प्राप्त करने और पीएचडी दाखिले के लिए योग्यता निर्धारित करने के लिए आयोजित की जानी है।

**ओएमआर मोड में होगी परीक्षा :** परीक्षा का आयोजन ऑफलाइन ओएमआर मोड में किया जाना है। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन किए उम्मीदवारों को आवंटित परीक्षा पहले ही जारी कर दी गई है। जिसे उम्मीदवार परीक्षा पोर्टल, **ugcnet.nta.ac.in** पर एक्टिव लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं। आवंटित परीक्षा शहर में किस सेंटर पर एग्जाम देना है इसकी जानकारी उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र के माध्यम से दी जाएगी, जिसे एनटीए जल्द ही जारी करेगा।



### रामलीला का किया जा रहा आयोजन

**बिलासपुर।** तारबाहर गिरिजा चौक स्थित दुर्गा पण्डाल में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला में अभिनय स्वरूप मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान रामचन्द्र के चरित्र का वर्णन किया जा रहा है। रामलीला के छठवें दिन शुक्रवार को सीताहरण का चित्रण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष धीरज कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष विनोद कुमार राय सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

## कार्यशाला

### एयू में रिसर्च मेथडोलॉजी एंड कम्प्यूटिंग विषय पर विशेषज्ञ ले रहे कक्षाएं



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेई विवि के आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा दो सप्ताह के कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन 18 जून को होगा। कार्यशाला में नव प्रवेशित पीएचडी के 300 छात्रों ने पंजीयन कराया है। कार्यशाला के 9वें दिन शोध की गुणवत्ता, शोध की प्रक्रिया, हाइपोथिसिस के अतिरिक्त शोध में उपयोग होने वाले सॉफ्टवेयर इत्यादि की कक्षाएं लगाई गई । कक्षाएं सुबह 10.30 से 5.30 बजे तक जारी है। सैद्धांतिक कक्षाओं के साथ-साथ प्रायोगिक कक्षाएं भी ली जा रही है। ताकि छात्र शोध में उपयोग किए जाने वाले सॉफ्टवेयर का प्रयोग करना सीख जाए। अभी तक इंदिरा गांधी जनजाति विश्वविद्यालय, सीयू तथा पंडित रविशंकर विवि के प्राध्यापकों द्वारा विषय विशेषज्ञ के रूप में कक्षाएं ली गई। प्रायोगिक कक्षा का आयोजन भी विषय विशेषज्ञों की सहायता से ली जा रही है। जिसमें एमएस एक्सेल, एसपीएसएस का उपयोग करना शामिल है। कार्यशाला के 9 वें दिन डा. एचएस होता ने ऑनलाइन साफ्टवेयर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग सभी क्षेत्रों अध्ययन-अध्यापन तथा शोध में भी उपयोग किया जा रहा है। इन टूल्स का उपयोग शोध में कब एवं कैसे करना की जानकारी दी। जिसमें शोध पत्रों को खोजना, उसका संयोजन करना इत्यादि सम्मिलित है। एआई टूल्स एवं अन्य साफ्टवेयर टूल्स जिसका उपयोग शोध में किया जाता है के संदर्भ में प्रायोगिक कक्षाओं का आयोजन किया गया। कार्यशाला का समापन 18 जून को होगा। ऑनलाइन परीक्षा भी ली जाएगी। सफल छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि शोध का शीर्षक से संबंधी निर्णय लेने में हमें सावधानी बरतनी चाहिए। यदि आपका शीर्षक ठीक है, तो पीएचडी का आधा कार्य पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने शोधार्थियों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पीएचडी करने कहा। उन्होंने कहा कि पीएचडी कार्यक्रम का संचालन करना विवि के लिए आवश्यक है। यही महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में मूल अंतर है।

# सभी ब्लड डोनेट करेंगे तो दूर हो जाएगी खून की कमी




**दो सौ से अधिक यूनिट ब्लड का किया गया डोनेशन, शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन**

विश्व रक्त दाता दिवस के अवसर पर शहर की सामाजिक संस्थाओं ने एक साथ मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन सीएमडी चौक स्थित लायंस भवन में किया। शिविर में 200 से अधिक रक्तवीर ब्लड देकर समाज की सुरक्षा के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि खून की कमी से कई जिंदगियां खत्म हो जाती हैं, ऐसे समय में ये रक्त उन तमाम लोगों को काम आएगा। सिकलसेल, थैलीसीमिया व रोड एक्सीडेंट जैसी बीमारियों में खून की बहुत आवश्यकता होती है। इसी तरह हर कोई ब्लड डोनेट करेगा तो ब्लड की कमी दूर हो जाएगी।

**बिलासपुर।** शिविर की मुख्य अतिथि सीएसपी अर्चना झा व सीएमडी कॉलेज के चेयरमेन संजय दुबे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएसपी अर्चना झा ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और एक बने नेक बने का आह्वान किया। शिविर के समापन समारोह में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि हम जैसा करेंगे वैसा ही पाएंगे। हमारे कृत्यों की गूंज सम्पूर्ण ब्रहमाण्ड में गूँजती है और वापस हमें मिलती है, इसलिए हमें सत्कर्म करते रहना चाहिए। इस दौरान उद्योग संघ के पूर्व अध्यक्ष हरीश केडिया, उद्योग संघ जिलाध्यक्ष अनिल सलूजा, लायन्स क्लब से लायन मंजीत सिंह अरोरा, लायन अरविंद दीक्षित, एरीना एनीमेशन के निदेशक तथा कैंप के संयोजक संदीप गुप्ता, सेवा भारती से नितेश वर्मा, बैंकर्स क्लब के समन्वयक ललित अग्रवाल, मनीष जैन आदि उपस्थित रहे।



### सिम्स में 39 यूनिट ब्लड किया गया डोनेट

विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी विभाग डॉ. भानू प्रताप सिंह के नेतृत्व में सिम्स में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि सिम्स अपने स्थापना काल से ही क्षेत्र की जनता की सेवा में तत्परता से कार्य कर रहा है। भर्ती मरीजों को रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने रक्तकेन्द्र स्थापित किया गया है। जहॉं स्वैच्छिक तथा मरीजों द्वारा रक्तदान किया जाता है। रक्तदान जैसे सेवा कार्य में चिकित्सको के साथ ही अध्ययनरत एमबीबीएस छात्र-छात्राओं की भूमिका रही है। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया, जिसमें रितेश देवांगन, पीयूष सोनी, साकार श्रीवास्तव, पीयूष साहू, उत्कर्ष गुप्ता, तन्मय खरे, शिवम बघेल, दक्ष प्रजापति, गगनदीप सिंह छाबड़ा, भावना कुमावत, डॉ. प्रशांत कुमार सिंह व डॉ. प्रियंक मिरी, रेडियोलॉजी विभाग के द्वारा रक्तदान किया गया है। उक्त कार्यक्रम में डॉ. ज्योति पोर्ते रक्तकेन्द्र प्रभारी अधिकारी, डॉ. मयंक तिवारी, डॉ. प्रियंका चंद्राकर, डॉ. सौम्य रंजन, डॉ. अनिल कुमार सक्सेना, विजय पैकरा, कौशिल्या पात्रे, अन्नपूर्णा सिंह,रूबी सिंह कंवर सहित अन्य स्टॉफ मौजूद थे।

### शिविर में 135 यूनिट रक्तदान

रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य पर 22 विभिन्न समाजसेवी संस्थानों एवं क्लब द्वारा लायन्स भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 135 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस शिविर में बैंकर्स क्लब बिलासपुर, विश्व हिन्दू परिषद,बजरंग दल, लायंस क्लब बिलासपुर, जिला उद्योग संघ, सेवा भारती, दी फाउन्डेशन अकादमी, सी जी एजुकेशन एन्ड ट्रेनिंग एसोसियशन, हैंड्स ग्रुप, बीएनआई, पुनः हरियाली, इन्डोर गेम्स एकाडमी, रक्त मित्र, रोटरी क्लब रायल, वायसीसीसीआई, एरीना एनीमेशन, पिनाकल डिज़ाइन एरीना, शांता फ़ाउंडेशन, राष्ट्रीय सेवा योजना, गुरु घसीदास विश्व विद्यालय,अटल बिहारी बाजपेयी विश्व विद्यालय, सीएमडी कालेज, एनसीसी, एनएसएस, न्यू जनरेशन इत्यादि संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में एकता ब्लड बैंक के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ।

### इनकी रही सहभागिता

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता, जिला मंत्री राजीव अग्रवाल, संपर्क प्रमुख संदीप सेंगर, प्रकाश त्रिवेदी, लायंस क्लब से नव निर्वाचित अध्यक्ष शैलेश बाजपेयी, पूर्व अध्यक्ष उमेश मुरारका, हैंड्स ग्रुप से अभिषेक विधानी, फाउंडेशन अकादमी से प्रिंस भाटिया और बड़ी संख्या में उनके सहयोगी एवं कर्मचारी, सेवा भारती से नितेश वर्मा, रोहित भांगे, सीटा के मनीष जैन, एनएसएस अटल बिहारी विश्वविद्यालय से मनोज सिन्हा एवं बड़ी संख्या में एनएसएस डोनर, रोटरी क्लब रायल से सतविंदर सिंह अरोरा, बैंकर्स क्लब के समन्वयक ललित अग्रवाल, वाईसीसीसीआई से नवदीप अरोरा , एरीना एनीमेशन से मनीष मौर्य, अखिलेश्वर शर्मा, अभिलाष नायडू , मनीष मौर्या, सुलक्षणा जिल्लारे, मौमिता मित्रा अपूर्वा तिवारी, लतिका, पिनेकल डिजाइन बजरंग दल जिला उद्योग संघ के बड़ी संख्या में युवा आदि ने अपना सक्रिय योगदान दिया।



विश्व रक्तदाता दिवस पर मेडिकल स्टूडेंट और कर्मचारियों द्वारा रक्तदान जनजागरण के लिए कैंडल मार्च निकाला गया, यह रैली सिम्स से रिवर व्यु में जाकर समापन हुई।

### संस्थाओं द्वारा किया गया रक्तदान



विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में शाहेदा फाउंडेशन, जज़्बा फाउंडेशन, ख़्वाब वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा बिलासा ब्लड बैंक में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र, ब्लड वापसी गारंटी कार्ड, उपहार प्रदान किया गया। शिविर में 18 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में बिलासा ब्लड बैंक टीम, संजय मतलानी, ब्रैंडन डिसूज़ा, अब्दुल हुसैन, राहुल जज्ञासी, अदनान वनक, जोहर अली, नीतीश ताम्रकार सहित अन्य का विशेष सहयोग रहा।

### हरिहर ऑक्सीजन द्वारा किया गया रक्तदान

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर हरिहर ऑक्सीजोन वृक्षारोपण अभियान के रक्तदाता ग्रुप के संयोजक नीलेश मसीह द्वारा आज रक्तदान किया गया। वही रक्तदान दिवस की अवसर पर सीवी रमन यूनिवर्सिटी के द्वारा हरिहर ऑक्सीजन के समाज सेवी में अग्रणी निलेश मसीह को सीवी रमन यूनिवर्सिटी के द्वारा सम्मानित किया गया, हरिहर ऑक्सीजोन के सदस्य योगेश गुप्ता द्वरा भी रक्तदान किया गया।

## इंदिरा विहार में चल रही 40 दिवसीय नाट्य कार्यशाला

# प्रतिभागियों ने अभिनय के बुनियादी पक्ष और बारीकियों को समझा

अग्रज नाट्य दल द्वारा इंदिरा विहार में संचालित 40 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ धीरज सोनी की क्लास हुई। जिसमें उन्होंने अभिनय के विभिन्न आयामों, प्रकारों के साथ ही अभिनय की बुनियादी पक्ष पर प्रतिभागियों के समक्ष अपनी बातें साझा की।



**बिलासपुर।** कार्यशाला में उनके द्वारा प्रतिभागियों को समूह में बांट कर अलग-अलग दृश्य तैयार करवाए गए और उन दृश्यों के प्रदर्शन के बाद उनका विश्लेषण किया गया। जिससे प्रतिभागियों को अभिनय की बारीकियों को सीखने, समझने में काफ़ी मदद मिली। उन्होंने कार्यशाला के प्रतिभागियों को कार्यशाला में तैयार हो रहे नाटक से संबंधित कई जानकारी साझा की जो कि उनके लिए तैयार हो रहे नाटक में अभिनय करने में बेहद कारगर सिद्ध होगा। पूरी गतिविधि में प्रतिभागी बड़ी उत्साह के साथ शामिल हुए और सीखने की प्रक्रिया में बड़े आनंद के साथ लगे रहे।

**नाटक का मंचन महीने के अंत में**



अग्रज नाट्य दल के अरुण भांगे ने बताया कि सुनील चिपड़े के निर्देशन में चल रही 40 दिवसीय प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला में तैयार हो रहे नाटक का मंचन इस महीने के अंत में किया जाएगा।

# पंजाबी समाज के बच्चों ने कैंप में ली पगड़ी व दुमाला की शिक्षा



**बिलासपुर।** गुरुद्वारा गुरु सिंग सभा दयालबंद में दस्तार सिखलाई कैंप का आयोजन लगाया गया, जिसमें विशेष तौर पर सरदार भूपेंद्र सिंह एवं अर्पित नूर की निगरानी में बच्चों एवं बड़ों ने पगड़ी व दुमाला की शिक्षा ली।

सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंग का आदेश है कि हर एक सिख को अपने केशों को संभाल कर रखना है और केश ढंकने के लिए सिर पर पग या दुमाला बांधना लाजमी है। इस शिक्षा को लेते गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी समय-समय पर इस तरह के उपराले करवाती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनदीप सिंह गंभीर, अमरजीत सिंह दुआ, सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, जसबीर गांधी, गुरमीत सिंह जुनेजा, जगदीप सिंह मक्कड़, चरणजीत सिंह गंभीर, हेड ग्रंथी भाई मान सिंह, जगमोहन सिंह सभी का सफल योगदान रहा।

# वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण का आयोजन



**बिलासपुर।** सेंट जेवियर स्कूल में शुक्रवार को एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण किया गया। इसमें शिक्षकों को वित्तीय साक्षरता और डिजिटल उपकरणों पर प्रशिक्षण दिया गया। यह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि धनोपार्जन, धर्म का संचय एवं धन का सदुपयोग इसकी सटीक जानकारी वर्तमान समाज की मूलभूत आवश्यकता है, जिससे छात्रों को भी अवगत होना चाहिए। इसी बात के मद्देनजर इस शिक्षण का आयोजन कराया गया। शिक्षक छात्रों को अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ अर्थ संयोजन की शिक्षा भी देनी चाहिए, ताकि भविष्य में छात्रों को आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। धन को कब, कहां, कैसे उपयोग करना है यह भी शिक्षा का ही एक अंग है। कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य डॉक्टर बीबी महता, उपप्राचार्य रंजना बहादुर, प्रधानाचार्य ए ललिता तथा समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।


नंदन
वंदन
अभिनंदन
आदरणीय बड़े भैया सांसद बिलासपुर लोकसभा
मान. तोखन साहू जी
को केन्द्रीय राज्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं
प्रथम नगर आगमन पर
शत् शत् अभिनंदन
महाकाल का आशीर्वाद बड़े भैया पर सदैव बना रहे।
राजेश सिंह
विष्णु यादव
अभिनय तिवारी
विक्की सिंह
निखिल साहू
मुन्ना तिवारी
देवेन्द्र गुप्ता
वरुण सिंह
देवेन्द्र सपरिया
रमन मिरी
निलेश सिंह
बी.आर. मोहबिया
रवि मेहर
दिलीप कोरी
देवीलाल साहू
सौरभ शुक्ला
जलेश्वर साहू
रामचंद्र यादव
पन्ना कोसले
नितेश मिश्रा
विष्णु कौशिक
सूरज मिश्रा
जागेश्वर यादव
गेंदलाल साहू
दरबारी यादव
ज्ञान साहू
नितेश साहू
ओम साहू
मनोज साहू
राजकमल साहू
अरूण सिंह चौहान
# Likesh Sahu 9039312564
हरिभूमि प्रकाशन के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सौरभ पाण्डेय

14-JUN-REGNOL-pg-6_Layout 1 6/15/2024 1:01 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### जिला स्तर पर अंतिम चयन 25 व 26 को

**पेंड्रा।** शासकीय आदिवासी गुरुकुल बालक क्रीड़ा परिसर पेंड्रारोड में वर्ष 2024-25 में प्रवेश हेतु विकासखंड स्तर पर चयन प्रक्रिया 19 से 21 जून तक किया जाना है। छात्रों का अंतिम चयन जिला स्तर पर 25 एवं 26 जून को क्रीड़ा परिसर गुरूकुल पेंड्रारोड में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। इस संबध में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने जिले सहित बिलासपुर संभाग के सभी जिलों- बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा, मुंगेली, सक्ती के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों को परिपत्र जारी किया है। परिपत्र में कहा गया है कि क्रीड़ा परिसर हेतु हैंडबाल, जिम्नास्टिक, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, फुटबॉल के लिए छात्रों का चयन किया जाएगा। इनमें 100 मीटर दौड़, उछाल परीक्षण, शटल रन, गतिशील शक्ति परीक्षण, गतिशील स्फूर्ति परीक्षण, अपर बॉडी बेंड, पुशअप-चिनअप, लेग-रेसिंग, सीट-अप और 400-800 मीटर दौड़ शामिल है।

### डीपीएड, बीपीएड में प्रवेश हेतु 5 जुलाई तक आवेदन

**पेंड्रा।** शिक्षा सत्र 2024-25 शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में डीपीएड, बीपीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ के मूल निवासी पुरूष एवं महिला उम्मीदवारों से 5 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। उक्त संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी महाविधालय से कार्यालीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

### मां गायत्री आराधना महोत्सव 17 तक

**रतनपुर।** विप्र समाज छत्तीसगढ़ व सनातन धर्म प्रेमी भक्तों द्वारा 11 से 17 जून तक सिद्ध पीठ महामाया देवी मंदिर के प्रांगण में मां गायत्री आराधना महोत्सव व संध्योपासन प्रशिक्षण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में यज्ञाचार्य आचार्य पंडित झम्मन प्रसाद शास्त्री का दिव्य संदेश प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रातः 7 से 8 बजे तक संध्या उपासना जप का प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित है । 9 से 12 तक, 3:30 से 6 बजे तक पाठ जप आराधना के बाद सायं 6 से 7 बजे तक संध्या वंदन फिर क्षमा प्रार्थना स्तोत्र, सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ, साथ-साथ प्रधान आरती, पुष्पांजलि प्रार्थना, स्तुति का एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम का समापन 17 जून को मां गायत्री का विशेष पूजन आराधना पूर्वक सहस्त्रार्चन के साथ सम्पन्न होगा।

## निधन

### कैलाश विधानी



**बिलासपुर।** विधानी भवन मेन रोड तोरवा निवासी कैलाश विधानी का निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 15 जून शनिवार को सुबह 10 बजे तोरवा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे ढालूराम विधानी के पुत्र एवं कन्हैयालाल, राजेश, ओमप्रकाश (पप्पू), रमेश, हरीश के भाई, तथा रोहित, मोहित के पिता थे।

### गोपाल राव मानिक



**बिलासपुर।** विकास नगर जरहाभाठा निवासी गोपाल राव मानिक का 72 वर्ष की आयु में 14 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 जून को सुबह 10 बजे भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे आशीष व नितेष मानिक के पिता और टीकाराम, हंसपाल मानिक के भाई थे।

### प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए सीएम विष्णुदेव

# सामूहिक एकता को दर्शाता है भक्त माता कर्मा मंदिर: साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को मुंगेली जिले के ग्राम फरहदा में भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों, समाज के पदाधिकारियों के साथ भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

■ प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना

उन्होंने कहा कि फरहदा में भक्त माता कर्मा मंदिर का निर्माण बिना किसी शासकीय सहयोग के सभी ग्रामीणों ने मिलकर किया है। यह ग्रामीणों की सामूहिक एकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के मंत्रिमंडल में सांसद तोखन साहू को आवास, शहरी मामलों के केन्द्रीय राज्यमंत्री बनाया गया है। जो प्रदेश के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार विकास की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत, महतारी वंदन योजना में 70 लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। बिलासपुर-मुंगेली रोड से ग्राम फरहदा मार्ग की लंबाई साढ़े पांच किमी है। बजट में इसे स्वीकृत किया गया है। कटघोरा-डोंगरगढ़ विशेष रेल परियोजना के लिए राज्य शासन द्वारा 300 करोड़ दिया जा चुका है। इस परियोजना अंतर्गत जिले में 38.2 किमी रेल लाइन गुजरेगी। जिससे क्षेत्र के लोग भी रेल सेवा से लाभान्वित होंगे। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सरकार विकास के लिए समर्पित है। आज जिलेवासियों के लिए 25 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया जा रहा है। प्रदेश सरकार पानी, बिजली, आवास सहित विकास के सभी आयामों पर बेहतर तरीके से कार्य कर रही है। कार्यक्रम में वाणिज्य, उद्योग, श्रम एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवागंन ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक रायपुर मोतीलाल साहू, बिलासपुर आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर राहुल देव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित प्रशासनिक अमला, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, कृष्णमूर्ति बांधी, जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू, अम्बालिका साहू, दुर्गा उमाशंकर साहू, प्रदेश, जिला, तहसील साहू समाज के पदाधिकारी, सदस्य, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



विकास कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल सीएम।



सभास्थल पर महिलाओं की भीड़।

#### विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग से संबंधित 25 करोड़ से अधिक की राशि के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास किया। ग्राम फरहदा में साहू समाज के सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख, आदिवासी, सतनामी समाज के सामुदायिक भवन के लिए 6-6 लाख रुपए देने की घोषणा की। फरहदा में शासकीय हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल के रूप में उन्नयन और भालापुर से अचानकपुर तक और हरियरपुर से टेढ़ाधौरा तक सड़क नवीनीकरण कार्य के लिए भी घोषणा की।

#### त्याग की प्रतीक है भक्त माता कर्मा

गौरतलब है कि भक्त माता कर्मा सेवा, त्याग, समर्पण की देवी हैं। साहू समाज की आराध्य देवी माता कर्मा ने अपनी भक्ति की शक्ति से साक्षात भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और उन्हें अपनी गोद में लेकर बालकृष्ण को अपने हाथों से खिचड़ी खिलाई। माता कर्मा के जीवन से आत्मबल, निर्भिकता, साहस, पुरूषार्थ, समानता और राष्ट्रभावना की शिक्षा मिलती है। वे अन्याय के आगे कभी झुकी नहीं। उन्होंने संसार के हर दुःख-सुख को स्वीकारा और उनका डटकर मुकाबला किया।

#### 25.67 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने जिलेवासियों को लगभग 25 करोड़ 67 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी। ग्राम पा. खम्हरिया में 1.89 करोड़ की लागत से निर्मित 33/11 व्ही सब स्टेशन, ग्राम कंतेली में 1.87 करोड़ की राशि से निर्मित 33/11 के. व्ही सब स्टेशन और आगर व्यपवर्तन योजना के तहत 19 करोड़ 12 लाख 57 हजार की लागत से निर्मित 15 माईनर नहर में सी.सी. लाईनिंग व स्ट्रक्चरों के कार्यों का लोकार्पण किया।

#### 6 किमी तक एलईडी स्ट्रीट लाइट

इसी तरह 1 करोड़ 37 लाख 71 हजार की लागत से नवागढ़ चौक से खैरवार बायपास रोड में 6 किमी तक एलईडी स्ट्रीट लाइट संस्थापन कार्य, 34 लाख 35 हजार की लागत से देवरी से खेढ़ा कालोनी में एलईडी स्ट्रीट लाइट संस्थापन कार्य, शासकीय हाईस्कूल फुलवारी एफ., जोता, भटगांव, हायर सेकेण्डरी स्कूल खुड़िया, बैगाकापा, सुकली, देवरहट, मनोहरपुर, नगर पालिका मुंगेली, पदमपुर, जरहागांव, सिलतरा, लौदा और बैतलपुर में 7 लाख 63 हजार से कक्ष निर्माण का शिलान्यास किया गया।

## अवैध रेत उत्खनन व परिवहन मामले में 7 ट्रैक्टर-ट्राली जब्त



जब्त ट्रैक्टर ट्राली।

**मुंगेली।** जिला प्रशासन द्वारा अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पथरिया विकासखंड के ग्राम मदकू में राजस्व, खनिज, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के मामले में कार्रवाई की गई। जिसमें 7 ट्रैक्टर-ट्राली को मौके पर जब्त कर थाना सरगांव के सुपुर्द किया गया। एसडीएम पथरिया बीआर ठाकुर ने बताया कि ग्राम मदकू में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जानकारी मिलने पर संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में दो ट्रैक्टर-ट्राली के साथ चार ट्रॉली व एक ट्रैक्टर लावारिस हालत में पाया गया। जिसे जब्त कर थाना सरगांव के सुपुर्द किया गया है।

#### कार्रवाई की जाएगी

प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जानकारी मिलने पर आगे भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
-ज्योति मिश्रा, जिला खनिज अधिकारी

## अनन्या का नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चयन



**सीपत।** बिलासपुर में के बहतराई स्टेडियम में 15 से 17 जून तक आयोजित होने वाली है। 19 वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तहत अंडर 18 हेप्टाथलॉन इवेंट्स के लिए बाल भारती पब्लिक स्कूल की छात्रा अनन्या सृष्टि भोई का चयन हुआ है।

ज्ञातव्य है कि छात्रा ने अखिल बाल भारती खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर रजत व कांस्य पदक अर्जित किया। सीबीएसई क्लस्टर (2023) की प्रतियोगिता के भाला तथा गोला फेंक में स्वर्ण व कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अनन्या ने राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। प्राचार्य शलभ निगम ने छात्रा अनन्या सृष्टि भोई व खेल प्रशिक्षक गुरमीत सिंह अटवाल, दीपिका सिंह को शुभाशीष प्रदान करते हुए कहा कि हम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित हैं।

## छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य गायन के साथ नवीन आचार्य प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ के द्वारा आयोजित नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन समारोह संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष भागवतदास अस्तुरे, मुख्य अतिथि धर्म प्रकाश सातुवाला, अध्यक्षता हरनारायन सोनी, विशिष्ट अतिथि वनांचल शिक्षा सेवा के प्रांत प्रमुख नरेश जायसवाल, वर्ग संयोजक पवन त्रिपाठी, वर्ग प्रमुख तिलक नामदेव की उपस्थित थे।

■ वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ के द्वारा आयोजित

भागवतदास अस्तुरे ने कहा कि वनांचल शिक्षा को बढ़ावा देने नवीन आचार्य को प्रशिक्षण दिया गया है। ताकि दूरस्थ वनांचल के बच्चे शिक्षा प्राप्त करके शिक्षित बन सकें। इसलिए शिक्षा को बढ़ावा देने का काम नवीन आचार्यों के दिया जाएगा। समापन कार्यक्रम में सरगुजा जिले के आचार्यों के द्वारा सरगुजिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। अन्य जिलों से आए आचार्यों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। इस प्रशिक्षण में बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, जिला के आचार्यों ने प्रशिक्षण लिया। इस अवसर पर धर्म प्रकाश सातुवाला, हरनारायन सोनी, पवन त्रिपाठी, मामन चन्द गोयल, रामजी श्रीवास, तिलक नामदेव, नीरज जैन, राकेश चतुर्वेदी, जंगबहादुर सिंह, कृष्णदत्त उर्मालिया, अनिल ठाकुर, रमाकांत जायसवाल, विनायक कुमार कोशले, राजेश श्रीवास, उज्जवल तिवारी, अंकित बुंदेला, रामप्रसाद तिवारी, बलवंत ताम्रकार, शिव शंकर तिवारी, सुरेश उपाध्याय, सचिन तिवारी, दीपक खंडेलवाल, नीरज नामदेव, भारत लाल राठिया, श्रीमती कमली देवी, नेतराम प्रजापति, अबीर सिंह, शिवाधार पूरी, भुवनेश्वर मार्को, अमरलाल लहरें, नरेश लकड़ा अन्य उपस्थित थे।





कार्यक्रम के दौरान मंचस्थ अतिथि।

## आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

बकरीद पर्व को लेकर थाने में तहसीलदार सोनू अग्रवाल, थाना प्रभारी हरीश टाण्डेकर ने शांति समिति की बैठक लेकर आपसी भाईचारा के साथ पर्व को मनाने की अपील की। मुस्लिम समाज की ओर से 17 जून को बकरीद का पर्व मनाया जाएगा इस पर्व पर समाज की ओर से कई आयोजन भी होंगे। ऐसे में आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से हो और कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इस बात को लेकर बैठक ली गई।

बैठक में तहसीलदार ने कहा कि पर्व मनाने के दौरान ऐसी कोई गतिविधि न करें जिससे माहौल बिगाड़ जाए। और किसी तरह की कोई अप्रिय घटना घटे। इसलिए शांति और आपसी भाई चारे के साथ पर्व को मनाना है। थाना प्रभारी हरीश टाण्डेकर ने कहा कि पर्व के दौरान यदि कोई वातावरण बिगाड़ने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। इस अवसर पर कृष्ण कुमार साहू, कय्युब अंसारी, बाला सिंह, मुकीम अंसारी, टेकचंद कारड़ा, बृजपाल सिंह हूरा, मंजीत सिंह, कैलाश देवांगन, गरीबा यादव, सुनील आहुजा, कादिर खान, शमीम खान, नौशाद खान, पी बेनेट, अभिषेक सेमर, सुखदेव कुर्रे, राजू ठाकुर, निलेश धनकर, सिराज जिंदरान सहित अन्य उपस्थित रहे।



थाने में बैठक लेते अफसर।

## मुस्लिम समुदाय ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**करगीरोड।** रायपुर-महासमुंद बार्डर के बीच आरंग महानदी पुल में 7 जून की मध्यरात्रि उत्तरप्रदेश सहारनपुर के रहने वाले युवकों से मारपीट के मामले में मुस्लिम समुदाय ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी सहित मृतकों के आश्रितों को उचित मुआवजा राशि दिए और न्यायिक जांच की मांग की है। कोटा मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि मंडल में शामिल शरीफ खान अब्दुल गफ्फार खान, जब्बार खान अमजद खान, सईद खान, हसन खान मोहम्मद जावेद खान भक्का भाई, इब्राहिम खान सहित समाज के लोगों ने राज्य व केंद्र सरकार से मांग की है कि गौरक्षकों के नाम पर हत्या करने वालों, उगाही करने वालों, मवेशी तस्करों, गाय की हत्या करने वालों, बीफ का व्यापार करने वालों को फांसी की सजा का प्रावधान देश की संसद में पारित किया जाए। पूरे देश में बीफ निर्यात का कारोबार पूरी तरह से बंद कर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए।



ज्ञापन सौंपते मुस्लिम समाज के लोग।

### महाराणा प्रताप जयंती युवा सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह

## समाज की रक्षा व अन्याय के खिलाफ करें शौर्य का प्रदर्शन: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर/लोरमी

राजपूत क्षत्रिय समाज का हरनाचाका में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती युवा सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक धर्मजीत सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में मुंगेली, तखतपुर परिक्षेत्र के 10 वीं, 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों, उत्कृष्ट समाजसेवी, उन्नत कृषक का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि व्यक्ति को अपने शौर्य का प्रदर्शन समाज की रक्षा, धर्म की स्थापना और अन्याय के खिलाफ करना चाहिए। और यही सच्चे शौर्यवान व्यक्ति की पहचान है। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि समाज की प्रतिभा का प्रोत्साहन करना समाज के लोगों का ही दायित्व है। प्रमुख अवसरों पर प्रतिभावान व्यक्तियों का सम्मान करने से और लोगों को अच्छे कार्य तथा परिश्रम करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नर्मदा सिंह राजपूत, विशिष्ट अतिथि बिहारी प्रताप सिंह राजपूत, मनोज सिंह राजपूत, दिलीप सिंह राजपूत, रामशरण सिंह राजपूत, श्रीमती वंदना बाला सिंह ठाकुर, लखन सिंह राजपूत, विश्वनाथ सिंह राजपूत, संतु सिंह राजपूत, तोप सिंह तोमर, विनय साहू, विक्रम सिंह ठाकुर, गुरमीत सलूजा, उत्तम साहू, हीरा बैस, ज्ञानेश्वर, मनहरण सिंह राजपूत, सुभाष सिंह राजपूत, रोहन सिंह ठाकुर, अशोक सिंह राजपूत, दिनेश राजपूत, अशोक सिंह ठाकुर, हुकुम सिंह राजपूत, गोविंद सिंह राजपूत, नारायण सिंह राजपूत, चिम्मन सिंह राजपूत, ऋषि सिंह राजपूत, भक्ति सिंह, फूल सिंह राजपूत, पूरन सिंह राजपूत, सुखीराम राजपूत, राजेंद्र सिंह राजपूत, जीवन सिंह, परमेश्वर सिंह, उमाशंकर सिंह, रघुवर सिंह, मनी सिंह, मान सिंह, कृष्णा सिंह, खेदू सिंह, मदन सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित डिप्टी सीएम अरुण साव।

## स्वास्थ्य अधिकारी संघ ने की आंदोलन की शुरूआत



ज्ञापन सौंपते हुए संघ के सदस्य।

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत की गई है। जिसमें इन्होंने खण्ड चिकित्सा अधिकारी को आवेदन देते हुए कहा कि संघ के आहवान पर वे 18 से 20 जून तक सभी आनलाइन रिपोर्टिंग का बहिष्कार करेंगे और उनकी तीन सूत्री मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है तो 21 जून से सभी कार्यों का बहिष्कार कर हड़ताल में शामिल होंगे। यह जानकारी संघ के प्रांतीय संयोजक प्रफुल्ल कुमार ने दी है।

14-Jun- BSP-Bhoomi pg-7 Full page_Layout 1 6/15/2024 1:07 AM Page 1



## स्वीमिंग
### खिलाड़ियों के लिए तीन पूल लेकिन एक भी एकेडमी नहीं

शहर में स्वीमिंग के खिलाड़ियों के तीन जगहों पर स्वीमिंग पूल हैं। इनमें जिला खेल परिसर, संजय तरण पुष्कर व रेलवे स्थित स्वीमिंग पूल शामिल हैं। बिलासपुर कॉरपोरेशन तैराकी संघ के सचिव हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि तैराकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर जिले के कई खिलाड़ी आज बड़ा मुकाम शामिल कर चुके हैं। इनमें श्रृष्टि नाग, रुद्राक्ष साहू व शिवांश साहू शामिल है। कुछ तैराक अपने खेल के जरिए अब नेवी तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने बताया कि स्वीमिंग की एक नई प्रतियोगिता फिन स्वीमिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम तीन बार हिस्सा ले चुकी है। इसमें से हमारे खिलाड़ियों ने 2 ब्रांज जीते हैं। स्वीमिंग के क्षेत्र में शहर को एकेडमी की जरूरत है।

शहर में आजादी के बाद पहले से ही क्रिकेट, हॉकी और फुटबॉल का सुनहरा इतिहास रहा है। बिलासपुर से 4 हॉकी खिलाड़ी ओलंपिक में खेल चुके हैं। इसमें मुख्य रूप से लेस्ली क्लॉडियस, खान अब्दुल गफ्फार खान प्रमुख नाम नाम है। लेस्ली क्लॉडियस तो ओलंपिक खेलने वाले भारत के पहले खिलाड़ी भी रहे। उनके नेतृत्व में ही आजाद में भारत ने पहला ओलंपिक गोल्ड जीता। हॉकी की प्रैक्टिस शुरुआती दिनों में पुलिस मैदान में होती रही। शहर के बीच शहर हॉकी लिए मैदान होने का फायदा खिलाड़ियों को भी मिलता रहा लेकिन बीते कुछ सालों में यहां खेल आयोजन लगभग बंद हो गए।

## एथलेटिक्स
### स्टेडियम से मिला फायदा नेशनल टूर्नामेंट भी हुआ

बहतराई स्टेडियम को तैयार होने में करीब 10 साल लगे। 100 करोड़ से तैयार हुए इस स्टेडियम का शुभारंभ 2018 में हुआ। इस स्टेडियम के बनने के बाद एथलेटिक्स के खिलाड़ियों को फायदा हो रहा है। वर्तमान में बहतराई में हॉकी, तीरंदाजी के साथ-साथ एथलेटिक्स की आवासीय अकादमी भी संचालित हैं। यहां पर आधुनिक प्रशिक्षण मैराथन व बेहतर सुविधाओं की उपलब्धता के आधार पर भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एक्सीलेंस सेंटर की मान्यता दी गई है। इस अकादमी में 95 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिसमें हॉकी में 57, तीरंदाजी में 12 व एथलेटिक्स में 26 खिलाड़ी शामिल हैं। एथलेटिक्स संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह ने बताया कि 2022 में यहां नेशनल एथलेटिक्स भी हुआ है।

## क्रिकेट
### 40 साल पहले रणजी हुआ, अब मानक के अनुसार मैदान ही नहीं

राजा रघुराज सिंह स्टेडियम को 1978 में एक नई पहचान मिली, जब यहां घरेलू क्रिकेट का सबसे अहम टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी के मैच के लिए इस मैदान को चुना गया। यहां रणजी का पहला मैच मध्यप्रदेश व विदर्भ के बीच खेला गया। इसके बाद 1978-79 में दूसरा मैच मध्यप्रदेश व रेलवे के बीच हुआ। वहीं 1980 में रेलवे बोर्ड की पहल पर मध्यप्रदेश व रेलवे के बीच तीसरा रणजी मैच खेला गया। समय के साथ क्रिकेट का स्वरूप पूरे विश्व में बदलता गया और इसकी मांग के अनुसार स्टेडियम की जरूरत भी होने लगी। बिलासपुर में इसके लिए कोई तैयारी नहीं की, नतीजतन आज यहां रणजी जैसे घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए भी तय मानक के अनुसार मैदान नहीं है। बीते 2 साल से रेलवे स्थित सेकरसा क्रिकेट मैदान को तैयार किया जा रहा है। हालांकि इसका लाभ अबतक केवल रेलवे कर्मचारी व उनके परिजनों को मिलता रहा है। भविष्य में इसका फायदा शहर को मिल पाएगा या नहीं, यह भी बड़ा सवाल है कि बिलासपुर क्रिकेट संघ के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के निर्देश पर तय मानक के अनुसार स्टेडियम तैयार करने जमीन की तलाश की जा रही है।



# जरूरत खेल और खिलाड़ी को बढ़ावा देने की

**बिलासपुर।** रेलवे क्षेत्र फुटबॉल को लेकर आज भी गजब का जूनून देखा जा सकता है। दरअसल कोलकाता से आने वाले रेलवे अफसर व कर्मचारियों के अलावा आजादी से पहले यहां रहने वाले एंग्लो इंडियन फुटबॉल का खेल लेकर आए।

रेलवे स्थित इंस्टीट्यूट मैदान में फुटबॉल के ऑल इंडिया टूर्नामेंट होते तो पूरा स्टेडियम खचाखच भरा होता था। अब इस मैदान में भी बड़े टूर्नामेंट बीते कुछ सालों से बड़े आयोजन नहीं हो रहाहै। आजादी के बाद लोरमी के राजा रघुराज सिंह ने बिलासपुर में खेल को बढ़ावा दे जमीन दी तो शहर के बीच एक क्रिकेट का मैदान स्थापित हुआ। यहां रणजी ट्रॉफी के मैच भी हुए लेकिन यह मैदान भी वर्तमान में मेंटनेंस के मटन यहां होने वाले अन्य आयोजनों के कारण क्रिकेट खिलाड़ियों को पूरी तरह नहीं मिल पाता। मैदानों व संसाधनों की कमी से अपने समय में ऊंचाई पर पहुंचने वाले इन खेलों के खिलाड़ी अब कई खेलने के लिए जूझ रहे हैं। करीब 6 साल पहले इस मैदान को बीसीसीआई को देने का प्रस्ताव तो लाया गया लेकिन वह भी विरोध के चलते ठंडे बस्ते में ते में चला गया। वहीं दूसरी और देर से ही सही लेकिन बहतराई स्टेडियम के शुरू होने से एथलेटिक्स के खिलाड़ियों को उड़ान भरने का मौका मिला है। इस स्टेडियम में हॉकी समेत दूसरे एथलेटिक्टस गेम्स के लिए सुविधाएं व मैदान है। इससे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में एथलेटिक्स बिलासपुर का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ा नाम होगा।

### हॉकीः चार ओलंपिक जिताने वाले शहर को 50 साल बाद मिला सेंटर

बिलासपुर के लेस्ली क्लॉडियस ने 1948 से लेकर 1960 तक चार ओलिंपिक खेलों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया और तीन स्वर्ण सहित 4 पदक भारतीय टीम को दिलाए। हॉकी में चार ओलिंपिक खेलने वाले पहले खिलाड़ी भी क्लॉडियस ही थे। उनके अलावा बिलासपुर के तीन और खिलाड़ी ओलंपिक के लिए भारतीय टीम मैं मौजूद रहे। इन उपलब्धियों के बावजूद शहर के खिलाड़ियों को 50 साल बाद बहतराई में एस्ट्रोटर्फ मैदान मिला। हॉकी के खिलाड़ियों के लिए आवासीय ट्रेनिंग सेंटर भी खोला गया है। यहां की हॉकी खिलाड़ी गीता यादव का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण की 'खेलो इण्डिया वार्षिक स्कॉलरशिप' के लिए हुआ है।

## फुटबॉल
### 1984 में संतोष ट्रॉफी, ऑल इंडिया पर 5 साल से सब

1984 में राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में संतोष ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता के लीग मैच खेले गए। इसके बाद रेलवे के नॉर्थ इंस्टीट्यूट मैदान में ऑल इंडिया के होने वाले मुकाबले ने बिलासपुर में फुटबॉल को लेकर खिलाड़ियों में एक अलग जूनून पैदा किया, जो आज भी कायम है। लंबे समय तक रेलवे के मैदान में ऑल इंडिया स्तर के मुकाबले में पंजाब, हरियाणा, कोलकाता, खड़गपुर समेत देश के अलग-अलग हिस्सों से फुटबॉल टीम आती रहीं लेकिन बीते करीब 5 साल से यह आयोजन भी बंद है। फुटबॉल के नाम पर वर्तमान में रेलवे क्षेत्र में ही एक ही मैदान है लेकिन वहां भी राजनीतिक कार्यक्रम व रेलवे के इंटर डिपार्टमेंट टूर्नामेंट से इसकी स्थिति खराब है। हाल ही में इंटर डिसिट्रक्ट फुटबॉल मैच के लिए खिलाड़ियों को शहर से 25 किमी दूर सीपत जाकर मैच खेलना पड़ा। वहीं दूसरी ओर फुटबॉल को लेकर खिलाड़ियों के बढ़ते रुझान के बावजूद एकेडमी खोलने की पहल नहीं हुई।



















हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास
24 वर्ष
हीरामणी दुबे
दुबे स्टोन क्रेशर, छतौना


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. तोखन साहू
मा. धर्मजीत सिंह
संतराम लहरे
सरपंच, परसदा
अध्यक्ष अनु. जाति सरपंच संघ
जनपद पंचायत तखतपुर
श्रीमती दिव्या नितेश मिश्रा
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत तखतपुर
नितेश राजा मिश्रा
पूर्व उपसरपंच
ग्राम पंचायत हॉफा
जागेश्वर यादव
उपसरपंच
ग्राम पंचायत परसदा
सुकृता संतराम लहरे
पूर्व सरपंच
ग्राम पंचायत परसदा


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अजय यादव
मंडल अध्यक्ष गनियारी मंडल BJYM
विजय यादव
मंडल महामंत्री सकरी मंडल BJYM
निखिल श्रीवास
जिला कार्यकारिणी सदस्य BJYM बिलासपुर


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती रंजना खाण्डेय
सरपंच
ग्राम पंचायत, पेण्डारी
लक्ष्मी खाण्डेय
पूर्व सरपंच
ग्राम पंचायत, पेण्डारी


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संदीप मिश्रा
सरपंच- ग्राम पंचायत हॉफा


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अमित साहू
सरपंच, ग्राम पंचायत विध्यासर


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ईश्वर साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत जरौंधा, ज.पं. तखतपुर


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि
राजेश कौशिक
सरपंच
ग्राम पंचायत सम्बलपुरी
जनपद पंचायत तखतपुर
अनिल वस्त्रकार


हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के
24 वर्ष
मा. तोखन साहू
केन्द्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार
मा. धर्मजीत सिंह
विधायक, तखतपुर
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संतोष कौशिक
गुरूजी


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता
राकेश तिवारी हरिभूमि प्रतिनिधि सकरी
मो. 9300327303, 8889059244

# गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय अकादमिक मानचित्र पर लहराया छत्तीसगढ़ का परचम

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) छत्तीसगढ़ का एकमात्र केन्द्रीय संस्थान है जिसे कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के सशक्त, दूरदर्शी एवं लोकप्रिय नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन में नैक से ए++ की रैंकिंग प्राप्त है। छत्तीसगढ़ में कुल 33 विश्वविद्यालय हैं जिनमें से 15 शासकीय राज्य विश्वविद्यालय एवं 17 निजी विश्वविद्यालय हैं। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ का एकमात्र केन्द्रीय विश्वविद्यालय है और साथ ही एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जिसे नैक से ए++ रैंकिंग प्राप्त है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय सिर्फ छत्तीसगढ़ नहीं बल्कि समूचे अकादमिक जगत में सूर्य की तरह दमक रहा है और इसकी किरणों से अज्ञानता के अंधेरों को समाप्त करने में मदद मिल रही है।






**प्रश्न-** नैक से ए प्राप्त करने पर आपको एवं विश्वविद्यालय परिवार को हरिभूमि परिवार की ओर से हार्दिक बधाइयां। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बारे में विस्तार से बताइए

**प्रो. चक्रवाल-** धन्यवाद। दरअसल गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय को नंबर एक बनाने का मेरा संकल्प करीब तीन वर्ष पूर्व दिनांक 24 जुलाई, 2021 का है जब मैंने बतौर कुलपति यहां कार्यभार ग्रहण किया था। यह अकेले मेरे प्रयासों का परिणाम नहीं है इस महायज्ञ में विश्वविद्यालय परिवार का अनवरत अथक परिश्रम एवं बिलासपुर के साथ ही छत्तीसगढ़ के उन सभी परिवारों की शुभकामनाएं हैं जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से 1008 दिनों तक अनवरत सकारात्मकता के साथ जुटे रहे।

**प्रश्न-** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन की प्रक्रिया में क्या प्रगति है।

**कुलपति प्रो. चक्रवाल-** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एक क्रांतिकारी दस्तावेज है जो उच्च शिक्षा संस्थानों को भारतीय गौरवशाली एवं वैभवशाली ज्ञान पंरपरा के निर्वहन के साथ ही वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण एवं वैज्ञानिकता लागू करने के लिए प्रेरित करती है। इसके अंतर्गत युवाओं को समग्र रूप से शिक्षित एवं विकसित किए जाने पर बल दिया गया है। मुझे यह साझा करते हुए अतिहर्ष हो रहा है कि गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में शामिल है जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को स्नातक स्तर पर संपूर्ण रूप से लागू करते हुए संबंधित अध्यादेशों को जारी किया जा चुका है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत लागू अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का पंजीयन कर उनके क्रेडिट भी इंद्राज किए जा चुके हैं।

**प्रश्न-** विश्वविद्यालय द्वारा सामाजिक सरोकारों के प्रति किस प्रकार से कार्य किए गए हैं।

**प्रो. चक्रवाल-** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय अपने सामाजिक गुरुत्तर दायित्वों का निर्वाहन कर रहा है। जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र में स्थापित यह विश्वविद्यालय समाज और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रहा है। इनमें विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे हैं प्रकल्पों में 'गुरु घासीदास विश्वविद्यालय स्वाभिमान थाली' (जीएसटी) है जिसका प्रारंभ 200 थालियों से हुआ और जो अब 1000 तक पहुंच गई है। इस योजना के तहत दूरस्थ क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय में 'गुरु घासीदास स्वाभिमान थाली' मात्र 10 रुपए में उपलब्ध कराया जाता है। सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए गुरू घासीदास विश्वविद्यालय श्रवण लाइन योजना (जीएसएल) प्रारंभ भ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत बुजुर्गों के बढ़ते एकाकीपन को दूर करने, उनकी स्वास्थ्यगत आवश्यकताओं की पूर्ति, तकनीकी सहयोग, बैंकिंग सेवाओं के विषय में जानकारी प्रदान करना, विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभों के विषयों में जानकारी से अवगत कराना शामिल है। अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन के क्रम में भीषण गर्मी को देखते हुए गुरु घासीदास विश्वविद्यालय प्याऊ सेवा (जीपीएस) और गुड़-चना सेवा प्रारंभ किया गया।

**प्रश्न-** राष्ट्रीय स्तर पर नैक के अलावा अन्य अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित रैंकिंग की क्या तैयारी है।

**प्रो. चक्रवाल-** यह प्रसन्नता का विषय है कि गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के मुताबिक भारत के श्रेष्ठतम 50 विश्वविद्यालयों में शामिल हो गया है। उल्लेखनीय है कि विश्व स्तर की इस रैंकिंग व्यवस्था में विश्वविद्यालय 1001-1200 की बैंड में शामिल हुआ है। इस बैंड में 44वीं रैंकिंग से 57वीं रैंकिंग तक के भारतीय विश्वविद्यालय शामिल हैं। वहीं द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 401-500 के बैंड में शामिल होकर अंतरराष्ट्रीय अकादमिक मानचित्र पर चमक उठा है। यह पहला अवसर है जबकि गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भागीदारी की है। यूनाइटेड किंगडम से प्रकाशित होने वाली विश्व प्रसिद्ध पत्रिका टाइम्स हायर एजुकेशन प्रतिवर्ष विश्व की नवसृजित उच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग को जारी करता है। खासबात यह है कि इस रैंकिंग में 50 साल या उससे कम अवधि में स्थापित उच्च शिक्षा संस्थानों को शामिल किया जाता है। भारत से इस रैंकिंग में 84 युवा संस्थानों ने भागीदारी की थी जिसमें गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय को 37वां स्थान प्राप्त हुआ है।

**प्रश्न-** स्वास्थ्य के लिए खेलों की अहमियत छिपी नहीं है, ऐसे में विश्वविद्यालय में खेल सुविधाएं किस प्रकार बढ़ीं हैं।

**प्रो. चक्रवाल-** विश्वविद्यालय में खेल सुविधाओं के विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है, इस हेतु लगभग एक हजार करोड़ रुपए की परियोजना का प्रारूप तैयार कर मंत्रालय को भेजा गया है। इस परियोजना को स्टेट अफ दि आर्ट स्पोर्ट्स फैसिलिटी के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एथलेटिक्स के लिए स्पोर्ट्स एरिना में 400 मीटर ट्रैक के साथ ग्रासी फुटबाल फील्ड, दो कबड्डी ग्राउंड व चार वॉलीबाल कोर्ट का कार्य पूर्ण हो गया है। विश्वविद्यालय में योग एवं ध्यान केन्द्र व हेल्थी यूनिवर्सिटी मूवमेंट के माध्यम से युवाओं को प्रसन्न, सकारात्मक एवं स्वस्थ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

## विवि में शोध, अनुसंधान और नवाचार तथा पेटेंट के क्षेत्र में हो रहे उल्लेखनीय कार्य

छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से संपन्न क्षेत्र है तथा यहां खनिजों जिनमें कोयला, लौह-अयस्क, एलुमिनियम अयस्क इत्यादि शामिल है की शुद्धता की जांच के लिए गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में 3 एमवी पैलेटरॉन एक्सीलरेटर मशीन की सुविधा उलब्ध है। विश्वविद्यालय में स्थित 3.0 एमवी पेलेट्रॉन एक्सेलरेटर (त्वरक) मशीन से आयन बीम का सफल परीक्षण कंट्रोल रूम में स्थित कमांड कंप्यूटर पर क्लिक करके किया गया। भारतीय परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद् ने अभी हाल ही में ट्रायल रन की अनुमति प्रदान की है जिसके अनुक्रम में अभी परिक्षण किये जा रहे हैं। अकादमिक, शोध, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है। विश्वविद्यालय के पास 190 पब्लिशड पेटेंट हैं वहीं 66 ग्रांटेड पेटेंट की बड़ी संख्या विश्वविद्यालय के क्रेडिट में है। भारत को तकनीकी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर ऊंचाइयां प्रदान करने के लिए देश के एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए तकनीकी मदद उपलब्ध करने के लिए भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विश्वविद्यालय में तकनीकी केन्द्र की स्थापना की गई है।

## यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने 13 स्टार्ट अप प्रारंभ किए

छत्तीसगढ़ की स्थानीयता को प्राथमिकता देते हुए स्वावलंबी छत्तीसगढ़ परियोजना को प्रारंभ किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अनुभव आधारित एवं रोजगारपरक शिक्षा पर बल देती है। युवा विद्यार्थियों के लिए अनुभव आधारित शिक्षा के साथ धनोपार्जन के विकल्प को खोल दिया है। इस हेतु कंपनियों एवं विद्यार्थियों हेतु वेबपोर्टल भी प्रारंभ किया गया। जीजीवी सीएसआर फाउंडेशन एवं जीजीवी स्टार्टअप फाउंडेशन कंपनियों के माध्यम से विश्वविद्यालय में शोध, अनुसंधान एवं नवाचार की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। विश्वविद्यालय में स्थापित इंक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से अर्न वाइल लर्न के सिद्धांत के अनुरूप विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा 13 स्टार्ट अप प्रारंभ किए गए। इसके अलावा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके माध्यम से शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग के साथ मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा।

## विवि में नवीनीकृत ऊर्जा और वनस्पति संरक्षण में किए जा रहे कार्य

भारत ने सदैव वसुदैव कुटुंबकम को सूत्र वाक्य के रूप में स्वीकार किया है। हम संपूर्ण ब्रह्मांड को एक परिवार के रूप में देखते हैं और यही वजह कि कार्बन उत्सर्जन के बढ़ते नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए भारत संकल्पबद्ध हैं। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय रिन्यूएबल एनर्जी के उत्पादन और उपयोग के क्षेत्र में कार्य कर रहा है जिसमें दो मेगावॉट रूफ टॉप सोलर एनर्जी का उत्पादन एवं उपयोग किया जा रहा है जो उच्च शिक्षण संस्थानों तथा समाज के लिए प्रेरणा है। विश्वविद्लयालय के वानिकी, वन्यजीव एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग ने वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय में हाईटेक बांस पौधारोपण प्रारंभ किया गया है। यूआई विश्व ग्रीन मेट्रिक्स की रैंकिंग में विश्वविद्यालय़ दुनिया में 403 नंबर पर तथा भारत में 11वें स्थान पर है। विश्वविद्यालय को शिक्षा मंत्रालय द्वारा हेफा के अतंर्गत बॉटनी, केमिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग एवं एंथ्रोपोलोजी व फोरेंसिंक साइंस विभाग हेतु 4 भवनों के निर्माण के लिए 96 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृति होकर भवनों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। साथ ही दो छात्रावासों का निर्माण कार्य जारी है। इसके अतिरिक्त 200 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट का नया प्रशासनिक भवन के साथ ही विवेकानंद केन्द्र आदि की स्थापना के लिए प्रस्ताव मंत्रालय को भेजे गये हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के वन विभाग के द्वारा विश्वविद्यालय के वानिकी विभाग को लगभग 4 करोड़ रुपए का कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट भी प्रदान किया गया है। पिछले लगभग तीन वर्षों में विद्यार्थियों को शौर्य, समाज एवं राष्ट्र निर्माण की भावना, अनुशासन, कौशल विकास, प्रशिक्षण, रोजगार सृजन, प्लेसमेंट, सामाजिक दायित्वबोध, खेल गतिविधि, पाठ्येत्तर गतिविधियां तथा प्रबंधन के गुर सिखाए जाने के साथ ही स्वावलंबी छत्तीसगढ़ के विचार को प्राथमिकता देते हुए उनका सर्वांगीण विकास तथा आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के साथ जोड़ने का काम किया जा रहा है।

# कोयलांचल में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं : सीएमडी

### गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा को विस्तारित कर दुनिया की सबसे बड़ी खदान बनाने का प्रयास

**देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में एसईसीएल की भूमिका को आप कैसे देखते हैं?**

◆ मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025 तक 1.31 बिलियन टन कोयले और वित्त वर्ष 2030 में 1.5 बिलियन टन कोयले का उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। देश की सबसे बड़ी कोयला कंपनी में शामिल एसईसीएल की इस विज़न में एक महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। एसईसीएल द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 तक 260 मिलियन टन एवं वित्त वर्ष 2030 तक 285 मिलियन टन कोयला उत्पादन करने की योजना बनाई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगातार दूसरे वर्ष 20 मिलियन टन से अधिक की वृद्धि के साथ एसईसीएल ने अपने इतिहास का सर्वाधिक 187 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। इसके साथ ही एसईसीएल द्वारा देश के ऊर्जा सयंत्रों को रिकॉर्ड कोयला प्रेषित किया गया। कंपनी अपने मेगाप्रोजेक्ट्स गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा को विस्तारित कर देश ही नहीं बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदानों में तब्दील करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। गेवरा, वित्त वर्ष 22-23 में 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर देश की सबसे बड़ी कोयला खदान बन चुकी है और वित्त वर्ष 23-24 में कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में खदान को 70 मिलियन टन उत्पादन विस्तार की स्वीकृति मिल चुकी है जिससे एशिया की सबसे बड़ी खदान बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।



**पर्यावरण संरक्षण के लिए कंपनी द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं?**

◆ सतत धारणीय विकास को बढ़ावा देते हुए देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना हमारे कार्यसंचालन का आधार है। कंपनी द्वारा चालू वित्त वर्ष में अपने इतिहास के सर्वाधिक 10.77 लाख पौधे लगाए हैं जोकि कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में सर्वाधिक हैं। चालू वित्त वर्ष में एसईसीएल द्वारा निर्धारित लक्ष्य – 430 हेक्टेयर को पीछे छोड़ते हुए 475 हेक्टेयर भूमि को ग्रीन कवर अंतर्गत लाया गया है। इसके साथ ही अगले पांच वर्षों के दौरान एसईसीएल छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में 169 करोड़ रुपये की लागत से 38 लाख पौधे लगाने की योजना है जिसके लिए कंपनी ने इस वर्ष इन राज्यों के राज्य वन विकास निगमों के साथ समझौता किया है। एसईसीएल की जमुना कोतमा ओपनकास्ट परियोजना प्रतिपूरक वनरोपण का एक सुंदर उदाहरण बनकर उभरी है जहां माइन क्लोज़र प्लान के तहत किए गए वनरोपण की मदद से लगभग 672 हेक्टेयर का क्षेत्र हरित आवरण युक्त अपने पुराने स्वरूप में लौट आया है।एसईसीएल अपने संचालन क्षेत्र गेवरा में पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर 2 हेक्टेयर क्षेत्र में लोकप्रिय जापानी तकनीक "मियावाकी" जंगल विकसित करने के की योजना पर भी काम कर रही है। इसके साथ ही कंपनी ने कोरबा क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर पोखरी को ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।

**सरकार द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों खासकर सौर ऊर्जा के विकास पर ज़ोर दिया जा रहा है, एसईसीएल इस दिशा में क्या प्रयास कर रही है?**

◆ एसईसीएल ने कार्बन उत्सर्जन को कम करते हुए एक नेट-जीरो कंपनी बनने का लक्ष्य साधा है और सौर ऊर्जा की इसमें बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। वित्त वर्ष 23-24 में कम्पनी के भटगांव क्षेत्र में 20 मेगावाट की ग्राऊण्ड-माऊण्टेड-ग्रिड-कनेक्टेड सोलर परियोजना को कमीशन किया गया है साथ ही बिश्रामपुर क्षेत्र में भी इसी तरह की परियोजना के जल्द ही पूरे होने की उम्मीद है। कम्पनी के विभिन्न क्षेत्रों में 580 किलोवाट क्षमता के रूफ-टाप परियोजनाएँ संचालित हो रही हैं, वहीं अतिरिक्त 4000 किलोवाट की परियोजनाएँ कार्यान्वयन के अधीन है।

**कोयला मंत्रालय द्वारा भूमिगत खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने पर भी ज़ोर दिया जा रहा है, एसईसीएल इसमें किस प्रकार योगदान देगी?**

◆ भारत के कुल कोयला उत्पादन में आज के समय में भूमिगत खदानों की हिस्सेदारी लगभग 4-4.5% है जो विश्व के अन्य कोयला उत्पादक देशों से काफी कम है। इस देखते हुए कोयला मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2030 तक भूमिगत कोयला उत्पादन को 100 मिलियन टन ले जाने का लक्ष्य रखा है। एसईसीएल भी भूमिगत खदानों से उत्पादन बढ़ाने का प्रयास कर रही है जिससे पर्यावरण-हितैषी कोयला खनन को भी बढ़ावा मिलेगा। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2027-28 तक भूमिगत खदानों से उत्पादन को 30 मिलियन टन तक ले जाने का है। भूमिगत खदानों से उत्पादन बढ़ाने के लिए मास प्रोडक्शन टेक्नोलोजी के रूप में कंटीन्यूअस माइनर को लगाया जा रहा है। अभी एसईसीएल की खदानों में 12 कंटीन्यूअस माइनर काम कर रहे हैं एवं वर्ष 2027-28 तक कोयला उत्पादन भूमिगत खदानों से 30 मिलियन टन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इनकी संख्या 57 तक ले जाने की योजना है।

## रेल कॉरिडोर और फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी पर चल रहा काम

कोयला उत्पादन एवं प्रेषण के विस्तार के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास बेहद महत्वपूर्ण है। इस वित्तीय वर्ष में, कम्पनी द्वारा अभी तक रिकार्ड लगभग 3800 करोड़ रूपये का पूंजीगत निवेश किया गया है, जिसमें से 1,000 करोड़ रूपये से अधिक की राशि कोयला डिस्पैच से जुड़ी व्यवस्थाओं जैसे एफएमसी, सीएचपी, रेल सायडिंग आदि पर व्यय की गई है। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 3055 करोड़ से अधिक की लागत से बने हमारे सीईआरएल फेस-I रेल कॉरीडोर के खरसिया-धर्मजयगढ़ के लगभग 125 किलोमीटर लम्बाई का रेल नेटवर्क राष्ट्र को समर्पित किया गया है। यह रेल कॉरिडोर रायगढ़ जिले में अवस्थित देश के सबसे बड़े कोलफील्ड्स में से एक मांड-रायगढ़ कोलफील्ड की खदानों को देशभर के पावर प्लांट्स से सीधे जोड़ेगा एवं विद्युतीकृत रेल लाइन के माध्यम से त्वरित ईको-फ्रेंडली कोयला प्रेषण में मदद करेगा। इससे जहाँ एक ओर देश के उत्तरी, उत्तर-पश्चिमी तथा पश्चिमी हिस्सों में स्थित पावर प्लांटों को कोयला भेजे जाने में सुविधा होगी, वहीं दूसरी ओर इससे, राज्य में रोजगार व समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी के तहत एसईसीएल देश भर के ऊर्जा सयंत्रों को ईको-फ्रेंडली कोयला प्रेषण के लिए प्रयासरत है। 24 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री द्वारा एसईसीएल की तीन एफ़एमसी परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। लगभग 600 करोड़ की लागत से बनी इन परियोजनाओं की वार्षिक कोल हैंडिलिंग क्षमता 41 मिलियन टन है।

## सीएसआर के क्षेत्र में एसईसीएल दे रही अपना योगदान

सीएसआर के माध्यम से एसईसीएल कोयलांचल के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दे रही है। हाल ही में जारी नीट 2024 में एसईसीएल की निशुल्क नीट कोचिंग की योजना "एसईसीएल के सुश्रुत" के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर सभी को गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में पंजीकृत 40 में से 39 बच्चों ने कट-ऑफ को पार कर लिया है और परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस योजना के पीछे हमारा उद्देश्य है कि कोयलांचल में कोई भी प्रतिभा संसाधनों के अभाव में सपने देखना न छोड़े और हमारी यह पहल बच्चों को सपने देखने एवं उन्हें पूरा करने की आज़ादी देता है। एसईसीएल ने गत वित्तीय वर्ष में सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक कार्यों पर सीएसआर व्यय के लक्ष्य को हासिल किया। डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य एवं पोषण आहार पर 60% खर्च के लक्ष्य के मुकाबले एसईसीएल द्वारा सीएसआर व्यय का 70% इस क्षेत्र में खर्च किया गया। कम्पनी ने लगभग 800 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज की सुविधा उपलब्ध करायी है। बस्तर, बीजापुर, कांकेर, महासमुंद एवं नारायणपुर जैसे आकांक्षी जिलों में हमने एम्बुलेंस सहित चिकित्सा के कई उपकरण प्रदान किए हैं। एसईसीएल इस वित्तीय वर्ष, सीपेट व अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं के जरिए भी लगभग 1,500 युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इसके अलावा दिव्यांगों के कौशल विकास, ग्रामीण आदिवासी युवाओं के लिए खेल सुविधा, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क एवं जल की सुविधा, भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण, आदि की दिशा में भी काम किया गया है।

## भूमि-अधिग्रहण कंपनी की खदानों के विस्तार के लिए बेहद महत्वपूर्ण

अधिग्रहण कम्पनी के विकास एवं प्रगति के लिए सबसे महत्वपूर्ण अवयव है। संवेदनशील प्रबंधन, संवादशील प्रबंधन के मंत्र के साथ हम कोयलांचल के भू-स्वामियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वित्त वर्ष 23-24 में लगातार दूसरे वर्ष हमने 700 से अधिक भू-स्वामियों को रोजगार स्वीकृत किया है और आगे भी भू-स्वामियों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

C.M. DUBEY POST GRADUATE COLLEGE
SINCE 1956
B+ NAAC
Under UGC Act 2(F) & 12 (B), Recognized by NCTE Affiliated to ABV University Bilaspur (C.G.)
ADMISSION OPEN- 2024-25
Proposed Courses: MBA, B.A LLB, B.Com LLB
AS PER NEW EDUCATION POLICY (NEP)

OUR FACILITIES
SMART CLASSROOMS | SCIENCE LABS | PLACEMENT CELL
SPORTS COMPLEX | WATER FACILITIES | IGNOU CENTER
LIBRARY | CRICKET GROUND | YOGA CLASSES
NCC (NATIONAL CADET CORPS) | CANTEEN | FREE TALLY CLASSES
NSS (NATIONAL SERVICE SCHEME) | WI-FI CAMPUS | FREE HEALTH CHECKUPS
E-LIBRARY | SEMINAR/WORKSHOPS | SKILL DEVELOPMENT CLASS
AND MANY MORE!

REGISTER NOW

OUR COURSES
BBA (Bachelor of Business Administration)
MBA (Master of Business Administration)
B Com. (Bachelor of Commerce)
M Com. (Master of Commerce)
BCA (Bachelor of Computer Applications)
B.A. LLB
BCom. LLB
P.G. Diploma in Business Management
P.G. Diploma in Banking
P.G. Diploma in Computer Application
BSc. (Bachelor of Science)
MSc. (Master of Science)
Branches: Physics, Chemistry, Biology, Bio Tech, Electronics, Zoology, Computer Science, Bio Chemistry, Botany, Micro Biology
B.A. (Bachelor of Arts)
M.A. (Master of Arts)
Branches: Geography, Languages (Hindi, English, Sanskrit), Public Administration, Political Science, Economics, History

Our INSPIRATION
Lt. Pt. Bhagwat Prasad Dubey
18 March 1939 — 02 June 2007
Former Chairman, Governing Body of C.M. Dubey Post Graduate College, Bilaspur C.G.
Our CHAIRMAN
Pt. Sanjay Dubey
Chairman of C.M. Dubey Post Graduate College, Bilaspur C.G.
Our PRINCIPAL
Dr. Sanjay Singh
Principal of C.M. Dubey Post Graduate College, Bilaspur C.G.

ENROLL NOW!
https://cmdpgcollege.ac.in/
FOLLOW US : @CMDPGCOLLEGE
FOR MORE INFO CONTACT: 9754444548
CONTACT US : +91 8269333155,+91 9755982500
ADDRESS: C.M. Dubey PG College, Link Road, Bilaspur C.G.






हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
अशोक सिंह ठाकुर
भाजपा नेता
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
जितेन्द्र पाण्डेय
सभापति - जिला पंचायत बिलासपुर
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
साहिल पांडे
भाजपा युवा नेता
बंशी पांडे
पूर्व उपाध्यक्ष- नगर पालिका तखतपुर
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई...
आपके शहर तखतपुर में सर्वसुविधा युक्त हॉस्पिटल
सृजन एण्ड केयर हॉस्पिटल
तहसील ऑफिस के पास, ब्लाक कॉलोनी, तखतपुर
मात्र 100 मीटर की दूरी पर
नव जागृति स्कूल के पास
डॉ. एस. कश्यप
एम.डी. (फिजिशियन)
डॉ. अवधेश साहू
एम.डी. (फिजिशियन)
डॉ. प्रशांत गुप्ता
एम.डी. (फिजिशियन)
24 घंटे अनुभवी व प्रशिक्षित डॉक्टर की सेवा उपलब्ध
मो. 8871927409, 8871127409
विशेष सुविधाएँ
आपरेशन थियेटर
एक्स-रे
नेबुलायजर
पैथोलाजी
मेडिकल स्टोर
एम्बुलेंस
उपलब्ध सुविधाएं
हृदय रोग, वात रोग, श्वास रोग एवं उदर (पेट) रोग इलाज
महिला एवं पुरुष नसबंदी
बच्चेदानी का ऑपरेशन
हाइड्रोसील एवं बवासीर का ऑपरेशन
चर्म रोग से संबंधित समस्याओं का इलाज
नसों से संबंधित समस्याओं का इलाज
नवजात शिशु के लिए वार्मर
खून व पेशाब जाँच की सुविधा
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सौजन्य
नगर पालिका परिषद तखतपुर
श्रीमती अमरिका कृष्ण कुमार साहू
अध्यक्ष- नगर पालिका तखतपुर
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती वंदना बाला सिंह ठाकुर
उपाध्यक्ष- नगर पालिका तखतपुर
हरिभूमि
24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
अजय देवांगन
पूर्व अध्यक्ष- नगर पालिका तखतपुर
हरिभूमि
24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
मुकीम अंसारी
पार्षद- नगर पालिका तखतपुर
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
कोमल सिंह ठाकुर
पार्षद- नगर पालिका तखतपुर
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
दिनेश राजपूत
शिक्षा प्रकोष्ठ, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य
बिलासपुर जिला प्रभारी, पूर्व जिला अध्यक्ष शालेय शिक्षाकर्मी संघ
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
शाहिद ऐबानी
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
बिहारी देवांगन
अध्यक्ष - नगर कॉंग्रेस कमेटी, तखतपुर
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
राहुल शुक्ला
सरपंच- ग्राम पंचायत सिंघनपुरी
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
होरी लाल मानुर
सरपंच- ग्राम पंचायत पचबहरा
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सत्यम ताम्रकार
विधानसभा अध्यक्ष - NSUI तखतपुर
प्रदीप ताम्रकार
सेवादल - प्रदेश संयोजक
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
शिवबालक कौशिक
उपाध्यक्ष - जिला कॉंग्रेस कमेटी बिलासपुर
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू जी को प्रथम आगमन पर हार्दिक अभिनंदन
योगेश साहू
जनपद सदस्य क्षेत्र क्र. 17 तखतपुर
उपाध्यक्ष - प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
रजनीश जायसवाल
भाजपा नेता
मुकेश ताम्रकार
भाजपा नेता
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
दिनेश कौशिक
भाजपा नेता
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
रामस्वरूप कश्यप
सरपंच प्रतिनिधि
श्रीमती तारा बाई कश्यप
सरपंच - ग्राम पंचायत, करनकापा
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती ममता धनंजय सिंह क्षत्री
जिला पंचायत सदस्य बिलासपुर
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती प्रतिभा कांशी देवांगन
पार्षद- नगर पालिका तखतपुर
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वां वर्ष में प्रवेश पर हार्दिक बधाई
आदर्श पब्लिक स्कूल
तखतपुर बरेला, मेन रोड बरेला
प्रवेश प्रारंभ
कक्षा नर्सरी से 8 वीं तक
( सीबीएसई पैटर्न )
मनोज सर
मो. 9302887954
के.के. सर
मो. 9644693919
सुभाष सर
मो. 9584300770
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वां वर्ष में प्रवेश पर हार्दिक बधाई
जावेद खान
ठेकेदार, नगर पालिका तखतपुर
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सुनील आहूजा
पार्षद - नगर पालिका तखतपुर
कैलाश देवांगन
पार्षद - नगर पालिका तखतपुर
हरिभूमि
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
संतोष सिंगरौल
सरपंच - ग्राम पंचायत खैरी
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वां वर्ष में प्रवेश पर हार्दिक बधाई
AISECT
दृष्टि कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट
DCA, PGDCA, BCA, BBA,
B.COM, MA, MBA, M.Sc. Etc.
संपर्क करें : परवेज भारमल, मो. 9893770296
पता : मैन रोड, हाई स्कूल रोड, तखतपुर
हरिभूमि परिवार की ओर से स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
टेकचंद कारड़ा
जितेन्द्र शुक्ला
राजू ठाकुर
आयुष कारड़ा

# विकास पथ पर अग्रसित छ.ग. का एकमात्र आटोनामस डीपी विप्र ए ग्रेड कालेज



छत्तीसगढ़ की न्यायधानी में लक्ष्मणेश्वर शिक्षण समिति खरौद के भूतपूर्व अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद शर्मा की प्रेरणा व प्रो. रामनारायण शुक्ल के अथक प्रयास से सन 1969 के जुलाई महीने में रात्रिकालीन इस महाविद्यालय की स्थापना हुई। बिलासपुर नगर में सन 1969-70 में ही इस महाविद्यालय को रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर से संबद्धता व मध्यप्रदेश शासन के महाविद्यालयीन शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त हो गई। महाविद्यालय का उद्घाटन सितंबर 1969 को रविशंकर विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति बंशीलाल पाण्डेय, आई.ए.एस. के कर कमलों द्वारा सम्पन्न



संस्थापक प्राचार्य एवं पूर्व शासिनिकाय अध्यक्ष ज्ञान प्रवर
**पं. रामनारायण शुक्ल**

हुआ जिसके बाद छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार व महाविद्यालय प्रशासन समिति के भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. पं. द्वारिका प्रसाद तिवारी विप्र के जाम पट महाविद्यालय का नामकरण जुलाई 1982 से किया गया। सन 1986 में वाणिज्य संकाय का शुभारंभ तथा 1989 में विधि संकाय प्रारंभ हुआ। जो कालान्तर में डी.पी. विप्र विधि महाविद्यालय के नाम से बिलासपुर के नगर के सरकण्डा क्षेत्र, अशोक नगर में संचालित है और विज़ान संकाय जुलाई 99 में प्रारभ हुआ। इनके अलावा मैत्री शिक्षण संस्थान के नाम से शहर में स्कूल भी संचालित है।

## शिक्षा नवरत्न

## चैयरमैन का संदेश



मुझे गर्व होता है कि मैं द्वारिका प्रसाद विप्र महाविद्यालय के प्रशासन समिति के अध्यक्ष के रुप में सेवा दे रहा हूँ, जहां मेरे परम श्रद्धेय पिताजी 1969 से महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य एवं 1990 से 2007 तक प्रशासन समिति के अध्यक्ष रहे। यह अवधि सर्वाधिक उन्नति का काल रहा। उनके अध्यक्षीय सेवाकाल को महाविद्यालय का स्वर्ण युग कहां जा संकता है।1982 में अपके दृढ़ संकल्प एवं सतत प्रयास से समाजशास्त्र विषय में एम.ए. की कक्षाएं प्रारंभ हुई। 1869 से स्नातक महाविद्यालय के नाम से प्रख्यात एक छोटा सा महाविद्यालय का रूप बदल रहा था समय करवट ले रहा था। मेरे तपस्वी, त्यागमूर्ति, साहित्य प्रेमी पता ने 1982 में स्नातक महाद्यालय का नाम परिवर्तित कर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ सहित्यकार पं द्वारिका प्रसाद विप्र जी के नाम से महाविद्यालय का नाम द्वारिका प्रसाद विप्र घोषित किया। उनकी साहित्यिक अभिरुचि का इससे बड़ा उदाहरण कहीं नहीं मिलेगा।

**अनुराग शुक्ला**
अध्यक्ष, डी.पी. विप्र कॉलेज
शिक्षण समिति

## प्राचार्य का सन्देश

एऑटोनॉमस का स्वप्न साकार करते हुए युनिवर्सिटी की तैयारी में हमारा महाविद्यालय अथक परिश्रम एवं पूर्ण निष्ठा के साथ प्रयासरत है। "श्रद्धावान लभते ज्ञानम्' के ध्येय वाक्य को लेकर सफलता एवं असफलता का आंकलन करते हुए नवीन सत्र में महाविद्यालय में सबका स्वागत करते हुए अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस महाविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास में एक और पन्ना आपके द्वारा जोड़कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया जायेगा। छात्र जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए उसके संपूर्ण जीवनकाल का अमूल्य धरोहर होता है। छात्र जीवन का अनुशासन हमें जीवन के झंझावातों तथा चुनौतियों का सामना करने के लिए सम्बल प्रदान करता है। यहां के विद्यार्थी न केवल महाविद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं, जा यहाँ के छात्र- छात्राओं द्वारा यहाँ के विकास को अपूर्व दिशा देकर अपनी विद्वता, शोध प्रवृत्ति, जिज्ञासु प्रवृत्ति, ज्ञान कस को महिमा मंडित किया है। साथ ही राज्य एवं देश के विभिन्न गौरवपूर्ण पदों पर कार्यरत रहकर अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। 07 विद्यार्थियो से प्रारंभ महाविद्यालय आज 5000 से अधिक संख्या में दूरस्थ अंचल के सभी छात्रों को शिक्षा प्रदान कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ अपनी महति भूमिका निभा रहा है।

**डॉ. अंजू शुक्ला**, प्राचार्य, डी.पी. विप्र कॉलेज

### महाविद्यालय के आकर्षण

* विगत वर्षों में लगातार महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का नाम विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में आता रहा है।
* महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को निरंतर स्वर्ण मंदित द्वारा पदक प्राप्त होता रहा है।
* महाविद्यालय का ग्रंधालय एक विशाल एवं समृद्ध ग्रंधालय है, जिसमें लगभग 50000 किताबें व 3000 से अधिक शोष पत्रिका उपलब्ध हैं। यू-जी.सी. दवा. ऑनलाईन ई-लाइब्रेरी की सुविधा भी महाविद्यालय में उपलब्ध है।
एन एस.एस.के दो यूनिट महाविद्यालय में पंजीकृत किये गये हैं। जो कि प्रदेश में चिन्हांकित यूनिट द्वारा प्रतिष्ठित है।
* एन.सी.सी. के यूनिट से छात्र-छात्राओं (कैडेट्स) ने विगत वर्षों में गणतंत्र दिवस परेड में स्थान प्राप्त किया है और साथ ही साथ सैन्य सेवा में भी उन्हें नियुक्त मिली है।
* रेडक्रास यूनिट द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निरंतर रक्त दान करने में अपनी रूचि दिखाई है। * महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्टार्टअप में बढ़ावा देने के लिए ईक्यूबेशन सेल की स्थापना।" कौशल उन्नयन को बढ़ावा।





### महाविद्यालय के भविष्य की योजनाएं

* अधिक अनुसंधान केंद्र।
* भाषा प्रयोगशाला।
* लड़कों का छात्रावास।
* खेल मैदान।
* पूरे क्लास रूम के फ़र्निचर को नए आधुनिक ज़माने के फ़र्निचर से बदलना।
* उभरते क्षेत्रों में यूजी और पीजी स्तर पर नए पाठ्यक्रम शुरू करना।
* अधिक आईसीटी कमरे तैयार करना।
* श्री रामनारायण शुक्ल इनोबेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर, (एसआरएनआई आईसी) की स्थापना करना जो युवा उद्यमियों के बीच स्टार्ट अप संस्कृति को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। अंतर्राष्ट्रीय संपर्क हेतु पहल। अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सेमिनार सम्मेलन आयोजित करना। बेहतर शैक्षणिक विकास के लिए छात्र-शिक्षक अनुपात में सुधार करना। संस्थान कुछ सीखो औरकमाओ कार्यक्रम शुरू करना चाहता है। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से थैलेसीमिया डिटेक्शन सेंटर का गठन। विद्यार्थियों के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श कक्ष प्रारम्भ करना।

### महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम

कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय की स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के साथ-साथ रसायनशास्त्र, वनस्पति शास्त्र, अंग्रेजी साहित्य, अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य विषयों में पी.एच.डी. हेतु शोध केन्द्र की मान्यता अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से है।
विज्ञान संकाय में रोजगारन्मुखी पाठ्यक्रम, माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नालॉजी, बायोकेमेस्ट्री, पी.जी.डी. बी,एम., बी.सी.ए., पी.जी., डी.सी.ए., एवं डी.सी.ए. संचालित है।
आगामी पाठ्यक्रम :- आने वाले इस सत्र से महाविद्यालय में 7 और नए पाठ्यक्रम की शुरूआत की जा रही हैं। जिसमें बीपीएड, बीलीफ, बीएससी (मल्टीमिडिया एवं एनिमेशन), बीएससी (वाइल्ड लाईफ), बीबीए (टूर एण्ड ट्रेवल), संस्कृत विषय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, एमएसडब्ल्यू, एमएससी (बायो टेक्नोलॉजी) सहित अन्य कोर्स सुचारू रूप से संचालित होने जा रही हैं। इसके अलावा फार्मेसी जैसे नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की तैयारी भी पूर्ण कर ली गई है।

### कालेज में खास सुविधाएं :-

* अनुभव प्राप्त प्राध्यापकों द्वारा अध्यापन
* संपूर्ण परिसर में बाईपई द्वार इंटरनेट को सुविध
* आधुनिक सुविधा युक्ष प्रयोगशाला
* संपूर्ण परिसर में वाईफर्ड द्वरा इंटरनेट की सुविधा
* आधुनिक सुविधा युक्त प्रयोगशाला।
* पूर्णतः कप्प्यूटरीकृत ग्रंथालय एवं एनसीएलआईएसटी **INFLINET** द्वारा ई द्वारा ईलाईब्रेरी की सुविधा ।
* सोलर सिस्टम द्वारा विद्या व्यवस्था
* बारिश के पानी के लिए। हार्वेस्टिंग सिस्टम
* स्मार्ट क्लास/ आईसीटी / अध्ययन- अध्यापन की सुविधा
* आर-ओ पेय जल की सुविधा
* कैंटीन की सुविधा
* आधुनिक व्ययाम शाला
* बैडमिंटन , कबड्डी सहित कई इनडोर खेल की सुविधा
* 24x7 सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था ।

- कोरोना काल में महाविद्यालय द्वारा लगभग 200 लाख की राहत सामग्री शासन को समर्पित ।
- स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को मोटिवेशन स्पीच देते हुए डॉ. कुमार विश्वास ।
- शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान करते प्रख्यात कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे ।
- युवा दिवस के अवसर पर कवि मेरे अली जी का डी.पी. विप्र कालेज में आगमन ।

डी.पी. विप्र कालेज में वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम ।
वर्तमान में 15 अंतर्राष्ट्रीय के सैकड़ों नेशनल स्कूल के खिलाडी प्रवेशित हैं ।

### प्रदत्त छात्रवृत्तियां एवं सुविधाएं

1. श्रीमती जानकी देवी शुक्ल स्मृति छात्रवृत्ति
2. श्रीमती ललिता देवी शर्मा स्मृति छात्रवृत्ति
3. श्री डॉ. ओपी दिवेदी प्रदत्त छात्रवृत्ति
4. श्री रामसनेही शर्मा स्मृति छात्रवृत्ति वाणिज्य स्नात्कोत्तर
5. स्व.श्री रामसहाय एवं माता श्रीमती बृज तंबोली स्मृति छात्रवृत्ति लाईबेरी की सुविधा
6. स्व. श्री प्रहलाद प्रसाद शुक्ल, स्व. श्रीमती मोंगरा देवी शुक्ला, स्व. खेदूलाल शुक्ल व स्व. चन्द्रकान्ति देवी शुक्ल स्मृति छात्रवृत्ति
7. डॉ. जेपी दुबे व स्व. श्रीमती संतोष देवी दुबे विशेष छात्रवृत्ति
8. पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी व श्रीमती नर्मदा देवी चतुर्वेदी स्मृति छात्रवृत्ति
9. पं. रामनारायण शुक्ल स्मृति छात्रवृत्ति।

**उपलब्धियां :** दो बार "ए ग्रेड मिलने से महाविद्यालय बना ऑटोनॉमस महाविद्यालय अपने आप में एक उत्कृष्ठ महाविद्यालय होते हैं। 206-77 के बाद 2023-24 में महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा "ए‡ ग्रेड मिलने से डी. पी. महाविद्यालय अब ऑटोनोमस महाविद्यालय बन गया है। अब महाविद्यालय अपने उत्तर पर कई प्रकार के आधिकारिक निर्णय लेने में सक्षम हैं। इस महाविद्यालय में छात्रों की संख्या की बात करें तो सन 1969-70 सत्र में यह महाविद्यालय 07 छात्रों को लेकर शिक्षा के महायज में उतरा था। सन 1986-97 में छात्रों की दर्ज संख्या 2400 थी। रजत जयंती वर्ष 1994-95 में 2600 तथा 2015-16 में लगभग 4260 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत थे और आज इस महाविद्यालय में 5300 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं।

### पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी का अनुकरणीय योगदान

महाविद्यालय की उन्नति में पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी (वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार) का अनुकरणीय योगदान है। शुरूआत में रामनारायण शुक्ल ने शून्य से प्रारम्भ कर इस शिक्षण संस्था को एक किराये के भवन में रोपा था। और पं. चतुर्वेदी को सदस्य बनने आग्रह किया था। उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए सहर्ष स्वीकार कर लिया।

## डी. पी. विप्र महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग) (स्वायत्त महाविद्यालय) का एक परिचय

- छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम निजी स्वायत्त शासी महाविद्यालय है।
- आध्यात्मिक शिक्षा के लिए तुलसी न्यास पीठ की स्थापना महाविद्यालय में की गई है, जिसमें निःशुल्क ध्यान एवं योग की शिक्षा प्रदान की जाती है।
- साइनेक्स मिलेनियम कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (सीजीसीओएसटी) रायपुर के द्वारा सहभागिता एवं अनुदान दी जाती है।
- साइनेक्स मिलेनियम कार्यक्रम में चयनित उत्कृष्ट 15 मॉडलों का भारत सरकार द्वारा पेटेंट किया गया तथा सत्र 2023-24 के लिए 10 मॉडल पेटेंट हेतु भारत सरकार के कार्यालय में प्रक्रियाधीन है।
- स्टॉर वर्ल्ड ऑफ इंडिया तथा लिमका बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में सर्वाधिक छात्रों की सहभागिता के लिए महाविद्यालय का नाम दर्ज हुआ है।
- महाविद्यालय ग्लोबल इकॉनोमी अवार्ड से तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा सम्मानित किया गया।
- उत्कृष्ट ग्रंथालय जिसमें ई-लाईब्रेरी की व्यवस्था।
- उच्च स्तरीय दुर्लभ ग्रंथ एवं जरनल (शोध पुस्तिका) की उपलब्धता है।
- अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के परिणामस्वरूप वर्तमान में 15 अंतर्राष्ट्रीय, 100 राष्ट्रीय तथा अनेक राज्य एवं जिला स्तरीय खिलाड़ी अध्ययनरत है।
- छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रकार की पुरस्कार की व्यवस्था है, जैसे- कला, विज्ञान, वाणिज्य, प्रबंध एवं संगणक विज्ञान की कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों तथा एन.सी.सी., एन.एस.एस., व खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विशेष छात्रवृत्ति तथा पुरस्कार प्रदान की जाती है।
- पढ़ाई में कमजोर छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की जाती है।
- स्मार्ट पैनल युक्त स्मार्ट क्लास तथा प्रोजेक्टर आधारित उच्च स्तरीय कक्षाओं का संचालन तथा निःशुल्क वाई-फाई युक्त परिसर है।
- ऑनलाईन तथा ऑफलाईन मोड पर शिक्षा की व्यवस्था।
- संगीत, नृत्य एवं कराटे की निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान की जाती है।
- महाविद्यालय में पी-एच.डी. हेतु 10 विषयों में शोध केन्द्र है।
- नवीन रोजगार मूलक पाठ्यक्रम **MSW**, **B.Lib. & ISC**, **B.P.Ed.**, **M.Sc. Biotechnology** तथा बी.ए. संस्कृत सत्र 2024-25 से संचालित होगी।



### शिक्षण समिति

स्नातक महाविद्यालय शिक्षण समिति बिलासपुर द्वारा यह महाविद्यालय संचालित है। इस समिति में वर्तमान में कुल 17 सदस्य है, जिनके अध्यक्ष अनुराग शुक्ला है, तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला इसकी पदेन सचिव है।

### प्रशासन समिति

महाविद्यालय का प्रबंधन, संचालन, नियमन एवं नियंत्रण प्रशासन समिति के हाथों में होता है । वर्तमान में राज्य सरकार के स्वशासी नियम के तहत महाविद्यालय की प्रशासन समिति में अनुराग शुक्ला अध्यक्ष, दानदाता सदस्य राजकुमार अग्रवाल, जी.पी. कौशिक, डॉ. शीला तिवारी, सुभाष मिश्रा है। प्रशासन समिति में दो शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. विवेक अम्बलकर एवं डॉ. मधुसूदन तंबोली भी शामिल है। प्रशासनिक कर्मचारी एस.आर. चंद्रवंशी एवं औद्योगिक समिति सदस्य राकेश खरे शामिल है।

**मिशन- सार्थक शिक्षा देना**
संस्थान का उद्देश्य है श्रद्धावान लभते ज्ञानं जिसका अर्थ है "श्रद्धावान ज्ञान प्राप्त करता है।" संस्था के मूल में, शिक्षा और सीखने के प्रति इसकी प्रतिबद्धता, व्यक्तिगत विकास, सामुदायिक निर्माण और ज्ञान के प्रसार के माध्यम से राष्ट्रीय विकास के प्रति इसकी अंतर्निहित विचारधारा निहित है। इसके संस्थापक द्वारा सार्थक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक संस्थान बनने की कल्पना की गई थी।

**विजन - इनोवेशन एवं रिसर्च को बढ़ावा देना**
शिक्षण और अनुसंधान में उत्कृष्टता प्राप्त करना और बनाए रखना, अनुसंधान, पूर्व छात्रों के कौशल और शैक्षणिक सामग्रियों के प्रकाशन के माध्यम से स्थानीय और राष्ट्रीय समुदायों को समृद्ध करना।

























हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. तोखन साहू
केन्द्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार
मा. धर्मजीत सिंह
विधायक, तखतपुर
विश्वनाथ पटेल
मण्डल अध्यक्ष गनियारी तखतपुर
डॉ. प्रीतम पटेल
परमेश्वर पटेल
बलराम पटेल
सौजन्यः ★ देव फार्मेसी
★ पटेल ट्रेडर्स एण्ड प्रापर्टी डिलिंग लोखण्डी


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता राकेश तिवारी हरिभूमि प्रतिनिधि सकरी
मो. 9300327303, 8889059244


Real BSP Presents
Your satisfaction is our guarantee
TIFRA
MOPKA
SIRGITTI
USLAPUR
Various Sizes of Plots
and Houses Are Available
Ready House
Starting from Rs. 25 Lakhs
Plot
Starting from Rs. 1500 Per sq. ft.
Easy And Fast Bank Finance Availabe
9424262523, 7777801448, 7000093328, 8839590059


महिन्द्रा जायरोवेटर
6 फुट अब मात्र
1,05,000/- से शुरु
फायनेंस व एक्सचेंज
सुविधा उपलब्ध
Mahindra
GYROVATOR
अधिकृत विक्रेता:
जायसवाल एग्रो
उस्लापुर, नेचर सिटी, मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
हाईटेक बस स्टैण्ड के पास, शिवम् मोटर्स के सामने, बिलासपुर (छ.ग.)
8109972432, 9926909996


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. तोखन साहू
केन्द्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार
श्रीमती हर्षिता पाण्डेय
पूर्व अध्यक्ष- महिला आयोग छ.ग.
राजू सिंह क्षत्रिय
पूर्व संसदीय सचिव छ.ग.
संतोष कौशिक
गुरूजी
मा. धर्मजीत सिंह
विधायक, तखतपुर

14-Jun- BSP-Bhoomi pg-13 Full page_Layout 1 6/15/2024 1:23 AM Page 1



# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं































BALAJI

14-Jun- BSP-Bhoomi pg-14 Full page ( CITY )_Layout 1 6/15/2024 1:30 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### एसबीआई ने बांड से 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए



**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कारोबार बढ़ाने के लिए बांड के जरिये 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। यह राशि वरिष्ठ असुरक्षित अस्थिर दर वाले ऋणपत्रों के जरिए जुटाई गई है। इसकी परिपक्वता अवधि तीन साल है। एसबीआई ने बताया कि ये बांड 20 जून, 2024 तक उसकी लंदन शाखा के जरिये जारी किए जाएंगे।

### एनसीएलटी ने बायजू का राइट्स इश्यू रोका



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने शिक्षा प्रौद्योगिकी मंच बायजू का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न को 11 मई को शुरू हुए राइट्स इश्यू पर आगे बढ़ने से रोक दिया है। एनसीएलटी की बेंगलुरु पीठ के 12 जून को जारी आदेश में बायजू से राइट् इश्यू की पहली किस्त के तहत दो मार्च को शेयर आवंटित किए जाने से पहले और बाद के अपने शेयरधारकों का पूरा ब्योरा देने को कहा है।

### मर्सिडीज बेंज महाराष्ट्र में करेगी 3000 करोड़ निवेश

**मुंबई।** जर्मनी की कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज बेंज महाराष्ट्र में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। सामंत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स'' पर लिखा कि जर्मनी की यात्रा के दौरान बृहस्पतिवार को मर्सिडीज बेंज के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और राज्य में निवेश अवसरों पर चर्चा की।

### डब्ल्यूसीएल लाइबेरिया में दो अरब डॉलर निवेश करेगा



**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी वेदांता सेसा गोवा ने शुक्रवार को कहा कि उसकी शाखा वेस्टर्न क्लस्टर लिमिटेड पश्चिम अफ्रीकी देश लाइबेरिया के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बना रही है। डब्ल्यूसीएल, ब्लूम फाउंटेन लिमिटेड के पूर्ण-स्वामित्व वाली शाखा है।

### स्टेनली लाइफस्टाइल्स का आईपीओ 21 जून को खुलेगा



**नई दिल्ली।** लक्जरी फर्नीचर ब्रांड स्टेनली लाइफस्टाइल्स की योजना आईपीओ के जरिए 537 करोड़ रुपये जुटाने की है। स्टेनली लाइफस्टाइल्स के अनुसार, कंपनी का आईपीओ 21 जून को खुलेगा और 25 जून को बंद होगा। निवेशक 20 जून को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ का मूल्य दायरा 351-369 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

### कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स समूह के सीईओ तलेले का इस्तीफा

**पुणे।** रियल्टी कंपनी कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स लिमिटेड के समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राहुल तलेले ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने 14 जून को हुई बैठक में उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। तलेले ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दिया था। इसके साथ ही कोल्टे पाटिल डेवलपर्स ने कहा कि तलेले बदलाव को सुगमता से अंजाम देने के लिए 31 अगस्त, 2024 तक एक गैर-प्रमुख प्रबंधक के रूप में काम करना जारी रखेंगे।

# मस्क को मिलेगी 4.67 लाख करोड़ रुपए की सैलरी! शेयरधारकों ने दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- उनका पैकेज इतना भारी-भरकम था कि कोर्ट ने रोक लगा दी थी

दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क का सैलरी पैकेज सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। उनका पैकेज इतना भारी-भरकम था कि इस पर अमेरिका की कोर्ट को रोक तक लगानी पड़ी।

आखिर 6 साल बाद उन्हें हासिल करने में सफलता मिल ही गई। इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के शेयरहोल्डर्स ने एलन मस्क के 56 अरब डॉलर (करीब 4.64 लाख करोड़ रुपए) सालाना के पैकेज को मंजूरी दे दी है। यह अमेरिका के कॉरपोरेट इतिहास में किसी सीईओ का अब तक का सबसे बड़ा सैलरी पैकेज है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एलन मस्क ने खुद ट्वीट कर शेयरहोल्डर्स को उनका साथ देने के लिए धन्यवाद किया। शेयरहोल्डर्स ने बुधवार को हुई बैठक में इस पैकेज को मंजूरी दी और गुरुवार को होने वाली मीटिंग में इसका ऐलान हो सकता है।

वैसे तो एलन मस्क को साल 2018 में ही इस पैकेज को देने के लिए प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन कंपनी के कुछ शेयरहोल्डर्स के विरोध की वजह से डेलवेयर कोर्ट के जज ने इस पर रोक लगा दी थी। हालांकि, इस बार मेज्योरिटी शेयरहोल्डर्स ने अपनी मंजूरियां दे दी हैं। तब लाए गए पैकेज की आज वैल्यू 56 अरब डॉलर है, क्योंकि 2018 में टेस्ला की मार्केट वैल्यू 59.1 अरब डॉलर थी, जो आज 570 अरब डॉलर हो गई है।

## छह साल बाद आखिरकार शेयरहोल्डर्स ने पैकेज पर अपनी मुहर लगाई

### कंपनी का हेडक्वार्टर भी बदलेगा

टेस्ला के शेयरधारकों ने मस्क के पैकेज को मंजूरी देने के साथ कंपनी का लीगल हेडक्वार्टर डेलवेयर से टेक्सास शिफ्ट करने पर भी मुहर लगा दी है। साथ ही दो बोर्ड मेंबर को री-इलेक्ट करने पर भी मंजूरी दे दी है। मस्क को मिली इस मंजूरी को कई शेयरधारक कंपनी पर उनकी लीडरशिप की पकड़ से जोड़कर देख रहे हैं। कंपनी के बोर्ड का कहना है कि दुनिया के सबसे अमीर शख्स यह पैकेज डिजर्व करते हैं, क्योंकि उन्होंने कंपनी की मार्केट वैल्यू और प्रॉफिट बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया है।



### फिर कोर्ट पहुंच गए शेयरहोल्डर्स

जैसे ही कंपनी के बोर्ड और शेयरहोल्डर्स ने इस पैकेज को अपनी मंजूरी दी, कुछ शेयरहोल्डर्स जो इसके खिलाफ हैं, कोर्ट पहुंच गए। डेलवेयर कोर्ट में फाइल केस में शेयरधारकों ने कहा है कि कंपनी के जिन निदेशकों ने मस्क के पक्ष में वोट किया है, वे उनके करीबी हैं और ज्यादातर शेयरधारकों को पूरे मामले की जानकारी ही नहीं है।

*अभी फंस सकता है पेंच : एलन मस्क के इस भारी-भरकम सैलरी पैकेज पर सिर्फ 73 फीसदी शेयरहोल्डर्स ने ही मंजूरियां दी हैं, जबकि अमूमन कॉरपोरेट जगत में इस तरह के पैकेज को 95 फीसदी शेयरहोल्डर्स अपनी मंजूरी देते हैं। बावजूद इसके कंपनी के कुछ बड़े शेयरहोल्डर्स जैसे नॉर्वे सॉवरेन वेल्थ फंड और कैलीफोर्निया के दो बड़े पेंशन फंड ने इस पैकेज के विरोध में वोट देने की बात कही है।*

## वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

# थोक महंगाई दर 15 महीने की ऊंचाई पर, मई में बढ़कर 2.61%, खाने-पीने की चीजें हुई महंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच खाद्य वस्तुओं और महंगे विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से मई के महीने में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 15 महीने के उच्चतम स्तर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन महीने से बढ़ रही है।

अप्रैल में यह 1.26 प्रतिशत और मई 2023 में यह शून्य से 3.61 प्रतिशत नीचे रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'मई 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस, खनिज तेल और अन्य विनिर्माण उत्पादों की कीमतों में वृद्धि रही।'

### पिछला उच्चतम स्तर फरवरी 2023 में देखा गया

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) मई में 15 महीने के उच्चतम स्तर पर रही है। इसका पिछला उच्चतम स्तर फरवरी 2023 में देखा गया था, जब थोक मुद्रास्फीति 3.85 प्रतिशत थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 10 महीने के उच्च स्तर 9.82 प्रतिशत पर पहुंच गई। मई में सब्जियों की महंगाई दर 32.42 प्रतिशत रही, जो एक महीने पहले अप्रैल में 23.60 प्रतिशत थी।

**खाद्य वस्तुएं और विनिर्मित वस्तुए की कीमतें बढ़ने से बढ़ी महंगाई**

**डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन माह से बढ़ रही**

**अप्रैल में थोक महंगाई दर 1.26 प्रतिशत दर्ज की गई**



*भीषण गर्मी के कारण खाद्य मुद्रास्फीति ऊंची: आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में लगातार आठवीं बार ब्याज दर को यथावत रखने का फैसला किया था। बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री अदिति गुप्ता ने कहा कि देश में भीषण गर्मी के कारण खाद्य मुद्रास्फीति भी ऊंची बनी रहने का अनुमान है।*

### मानसून की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

मानसून की प्रगति भविष्य में खाद्य मुद्रास्फीति की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके अलावा वैश्विक धातु कीमतों में उछाल विनिर्माण श्रेणी में मुद्रास्फीति बढ़ने का कारण बना। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति मई में 0.78 प्रतिशत थी, जो अप्रैल में शून्य से नीचे 0.42 प्रतिशत थी।

### प्याज, आलू व दाल की महंगाई दर बढ़ी

इसी तरह प्याज की महंगाई दर 58.05 प्रतिशत, जबकि आलू की महंगाई दर 64.05 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर मई में 21.95 प्रतिशत रही। हालांकि मई में थोक मुद्रास्फीति की वृद्धि इस महीने के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के विपरीत है।

### खुदरा मुद्रास्फीति घटी

इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आंकड़ों के अनुसार मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गई जो पिछले 12 महीनों का सबसे निचला स्तर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ही ध्यान में रखता है।

### कंपनियों के कच्चे माल की लागत बढ़ रही

बार्कलेज की अर्थशास्त्री श्रेया सोढानी ने कहा कि विनिर्माण के लिए मूल्य सूचकांक (जिसका डब्ल्यूपीआई में सर्वाधिक 64 प्रतिशत भारांक है) में लगातार चौथे महीने वृद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि कंपनियों की कच्चे माल की लागत बढ़ रही है। ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.35 प्रतिशत रही, जो अप्रैल के 1.38 प्रतिशत से मामूली कम है।

### वैश्विक जिंस की कीमतों में गिरावट दर्ज

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, ''जून 2024 में अभी तक वैश्विक जिंस की कीमतों में मासिक आधार पर गिरावट आई है। इससे महीने में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में उछाल पर काबू पाने में मदद मिलेगी और प्रतिकूल आधार का मुकाबला किया जा सकेगा। कुल मिलाकर इक्रा का अनुमान है कि जून 2024 में कुल थोक मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर तीन प्रतिशत हो जाएगी।''

# स्वास्थ्य बीमा खंड में प्रवेश का प्रस्ताव नहीं: एलआईसी



- बीमा पॉलिसी जारी करने की अनुमति नहीं
- पॉलिसी एकल बीमा कंपनी ही बेच सकती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसका स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में कदम रखने कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं है।

फिलहाल, जीवन बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी जारी करने की अनुमति नहीं है। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी को साधारण बीमा कंपनी या एकल स्वास्थ्य बीमा कंपनी ही बेच सकती हैं। एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'हम स्पष्ट करते हैं कि फिलहाल, ऐसा कोई औपचारिक प्रस्ताव (निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनी के जरिये स्वास्थ्य बीमा का) नहीं लाया गया है।' इसके साथ ही देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने कहा, 'एलआईसी सामान्य तौर पर विभिन्न रणनीतिक अवसरों का मूल्यांकन और अन्वेषण करती है, तथा रणनीतिक साझेदारी और निवेश अवसरों सहित अपने कारोबार की वृद्धि और विस्तार के लिए नए विकल्पों का भी मूल्यांकन और अन्वेषण करती है।

### अधिनियम संशोधन से ही मिलेगी अनुमति

उम्मीद है कि बीमा अधिनियम में संशोधन करके समग्र बीमा लाइसेंस की अनुमति दी जा सकती है। बीमा अधिनियम, 1938 और भारतीय बीमा विनियामक विकास प्राधिकरण (इरडा) के नियमों के अनुसार, किसी बीमाकर्ता को एक इकाई के तहत जीवन, साधारण या स्वास्थ्य बीमा करने के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं है।

# निर्यात मई में नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का मई में वस्तु निर्यात नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 34.95 अरब डॉलर था। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया।

शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने मई में इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, औषधि, कपड़ा और प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों में स्वस्थ वृद्धि के दम पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद निर्यात में वृद्धि दर्ज की है।

आलोच्य अवधि में कच्चे तेल का आयात बढ़ने से देश का कुल आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह मई 2023 में 57.48 अरब अमेरिकी डॉलर था। तेल आयात मई में 28 प्रतिशत बढ़कर 20 अरब डॉलर हो गया। इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में तेल आयात 24.4 प्रतिशत बढ़कर 36.4 अरब डॉलर हो गया।



- व्यापार घाटा सात महीनों में सर्वाधिक
- इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, औषधि जैसे क्षेत्र में निर्यात बढ़ा

हालांकि, इस साल मई में सोने का आयात मामूली रूप से घटकर 3.33 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 3.69 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन महीने में आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी देश का व्यापार घाटा बढ़कर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जो सात महीनों का उच्चतम स्तर है।

### निर्यात मई माह में उत्कृष्ट रहा

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों के बारे में कहा कि निर्यात के नजरिये से मई महीना उत्कृष्ट रहा है और यह प्रवृत्ति जारी रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति धीमी हो रही है और इससे क्रय शक्ति को बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे आयात की मांग बढ़ेगी।

# हुंडई ने आयोनिक-5 की 1,744 इकाइयों को बुलाया वापस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हुंडई मोटर इंडिया एकीकृत चार्जिंग नियंत्रण इकाई में समस्या के कारण अपने इलेक्ट्रिक मॉडल आयोनिक 5 की 1,744 इकाइयों को वापस बुला रही है। उद्योग संगठन सियाम से मिली जानकारी के अनुसार इन इकाइयों में यह समस्या आई है।

सियाम की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कंपनी इसको ठीक करने के लिए 21 जुलाई 2022 से 30 अप्रैल 2024 के बीच निर्मित इकाइयों को वापस बुला रही है। इसमें कहा गया कि कि वह इन इकाइयों को एकीकृत चार्जिंग नियंत्रण इकाई में संभावित समस्या के कारण वापस बुला रही है, जिससे 12V बैटरी 'डिस्चार्ज' (खत्म) हो सकती है। संपर्क करने पर हुंडई कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, 'हुंडई मोटर इंडिया में ग्राहकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। आयोनिक 5 को वापस मंगाना, प्रभावित वाहनों में एकीकृत चार्जिंग नियंत्रण इकाई (आईसीसीयू) का निरीक्षण और उन्नयन करने के लिए एक सक्रिय कदम है। इसका ग्राहकों पर कोई खर्च नहीं आएगा।'

- चार्जिंग नियंत्रण इकाई में पाई गई समस्या
- आयोनिक 5 की कीमत 46 .05 लाख रुपये से शुरू



*कंपनी वाहन मालिकों से संपर्क करेगी : प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी के समर्पित दल वाहन मालिकों के संपर्क में रहेंगे और इस संबंध में उनका मार्गदर्शन करेंगे। आयोनिक 5 की कीमत 46.05 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है।*

# सोने में 70 रुपए की गिरावट चांदी 250 रुपए टूटी



**नई दिल्ली।** वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 70 रुपये की गिरावट के साथ 72,080 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 250 रुपये घटकर 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 90,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद भाव से 70 रुपये कम है।'

# सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाए नए रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| मुंबई

निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों के बीच शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली आने से लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी जारी रही। इसके असर में घरेलू बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 66.70 अंक की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।



- निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों से बाजार में रही तेजी
- रिलायंस और महिंद्रा के शेयरों में रही तेजी

*इन शेयरों में रही घट-बढ़: सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और एशियन पेंट्स के शेयरों में सबसे अधिक तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टूब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया।*

## भेल को अदाणी पावर से दो बिजली संयंत्रों के ठेके



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भेल को अदाणी पावर से 7,000 करोड़ रुपये के दो बिजली संयंत्रों के ठेके मिले हैं। भेल ने एक बयान में कहा कि पहला ठेका छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में स्थापित किए जा रहे 2x800 मेगावाट रायपुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट का अदाणी पावर लिमिटेड से मिला है। बयान के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में स्थापित किए जा रहे 2x800 मेगावाट मिर्जापुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए दूसरा ठेका एमटीईयूपीपीएल (अदाणी पावर लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी) से मिला हे। भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) भारत का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग व विनिर्माण उद्यम है। यह ऊर्जा, उद्योग और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में काम करता है।

## अगले माह से अरहर, चना और उड़द के भाव आ सकते हैं नीचे

# जुलाई से घट सकती है दलहनों की कीमत : सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- अच्छे मानसून और आयात बढ़ने से कीमतों में नरमी आने की संभावना

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने शुक्रवार को कहा कि अच्छे मानसून और आयात बढ़ने की उम्मीदों से अगले महीने से अरहर, चना और उड़द दालों की कीमतों में नरमी आने की संभावना है। इसके साथ ही खरे ने कहा कि दालों की कीमतों को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

सचिव ने कहा कि अगले महीने से इन तीनों दालों का आयात भी बढ़ेगा जिससे घरेलू आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी। खरे ने यहां कहा, 'पिछले छह महीनों में अरहर, चना और उड़द दालों की कीमतें स्थिर रही हैं, लेकिन उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। मूंग और मसूर दालों की कीमत की स्थिति संतोषजनक है।'

### आठ लाख टन तुअर का आयात किया गया

भारत ने पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग आठ लाख टन तुअर और छह लाख टन उड़द का आयात किया। म्यांमार और अफ्रीकी देशों से भारत को प्रमुख रूप से दाल के निर्यात होता है। फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में तुअर का उत्पादन 33.85 लाख टन रहा जबकि खपत 44-45 लाख टन रहने का अनुमान है।

### चना व उड़द की मांग में इजाफा

चना का उत्पादन 115.76 लाख टन रहा जबकि मांग 119 लाख टन है। उड़द के मामले में उत्पादन 23 लाख टन रहा जबकि खपत 33 लाख टन रहने का अनुमान है। मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को आयात के जरिए पूरा किया जाता है। सब्जियों के मामले में भी खरे ने कहा कि मानसून की बारिश से खुदरा कीमतों पर सकारात्मक असर पड़ेगा।



### भारत चना दाल से राहत प्रदान की गई

खरे ने कहा कि सरकार घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और खुदरा कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए सभी जरूरी उपाय करेगी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि 'भारत चना दाल' को 60 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचने की सरकार की योजना आम आदमी को राहत प्रदान कर रही है।

### अरहर का औसत खुदरा मूल्य 160.75 रु. किलो

13 जून को चना दाल का औसत खुदरा मूल्य 87.74 रुपये प्रति किलोग्राम, तुअर (अरहर) दाल 160.75 रुपये प्रति किलोग्राम, उड़द दाल 126.67 रुपये प्रति किलोग्राम, मूंग दाल 118.9 रुपये प्रति किलोग्राम और मसूर दाल 94.34 रुपये प्रति किलोग्राम था। उपभोक्ता मामलों का विभाग देश के 550 प्रमुख उपभोक्ता केंद्रों से खाद्य उत्पादों के खुदरा मूल्य एकत्र करता है।

### दालों की खेती के रकबे में सुधार

खरे ने कहा, 'जुलाई से तुअर, उड़द और चना की कीमतों में नरमी आने की संभावना है।' सचिव ने कहा कि मौसम विभाग ने सामान्य मानसून बारिश का अनुमान लगाया है जिससे दालों की खेती के रकबे में काफी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को बेहतर बीज उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है।

### जेनएआई स्टार्टअफ के लिए बनेगा 23 करोड़ का कोष

**नई दिल्ली।** अमेजन वेब सर्विसेज ने अपने वैश्विक सृजनात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेन-एआई) प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत जेनएआई स्टार्टअप फर्मों के लिए 23 करोड़ डॉलर का कोष बनाने की घोषणा की है। कार्यक्रम एक अक्टूबर से शुरू होगा और 10 सप्ताह तक चलेगा। द एशिया-प्रशांत और जापान क्षेत्र से 20 और कुल मिलाकर 80 स्टार्टअप फर्मों एवं उनके संस्थापकों की मदद करना है। 10 लाख अमेरिकी डॉलर तक के एडब्ल्यूएस क्रेडिट, कौशल विकास सत्र, व्यवसाय तथा तकनीकी सलाह और नेटवर्किंग के अवसर मिलेंगे।

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कार्यपालन अभियंता
मनियारी सिंचाई संभाग मुंगेली

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
मुंगेली

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लोक निर्माण विभाग
मुंगेली

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
मुंगेली

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
चन्द्र कुमार धृतलहरे
जिला शिक्षा अधिकारी, मुंगेली

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
डॉ. प्रतिभा मण्डलोई
बी.ई.ओ. मुंगेली

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
महिला एवं बाल विकास विभाग
मुंगेली

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आबकारी विभाग
मुंगेली

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



मा. अरूण साव
उप मुख्यमंत्री छ.ग.शासन

मा. तोखन साहू
केन्द्रीय राज्य मंत्री
आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार

मा. पुन्नूलाल मोहले
विधायक - विधानसभा मुंगेली

मा. मोहन मल्लाह
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मुंगेली

Hotel
hsi
SINGH Int.



ROOMS | HALLS | LAWN | RESTAURENT
9109573500, 6232550510




| विवाह आयोजन | बर्थडे पार्टी | एनवर्सरी एवं किटी पार्टी के लिए
विशेष पैकेज उपलब्ध उपलब्ध | एसी रुम | आउटडोर कैटरिंग सुविधा उपलब्ध
| भव्य पार्टी लॉन | बेसमेंट पार्किंग | जनरेटर सुविधा | भव्य बेंक्वेट हॉल
लिफ्ट सुविधा उपलब्ध
इंटरसिटी प्लाजा, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, मुंगेली

SINGH Sales
PUMP | PIPE | SANITARY



रामेश्वर साहू 75094-19127

Lubi PUMPS-MOTORS
RC BENTEX Engineering Simplified
THE BOLD LOOK OF KOHLER



अमरजीत सिंह सलूजा 8878882588
इंद्रजीत सिंह सलूजा 99815-56935
नवजोत सिंह सलूजा
मनजोत सिंह सलूजा

## खबर संक्षेप

### क्लासिक प्लस की कमलेश अध्यक्ष प्रीति सचिव व लक्ष्मी बनीं कोषाध्यक्ष





**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस क्लोज डोर की बैठक में सत्र 2024-25 के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें निर्वितमान अध्यक्ष माधवी स्वर्णकार सहित अध्यक्ष कमलेश गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सचिव प्रीति गुप्ता, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी सर्राफ को बनाया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष रेनू गुप्ता, निशा गुप्ता, पदमा गुप्ता को चुना गया। सह-सचिव मीनाक्षी सिंह, सह-कोषाध्यक्ष कविता गुप्ता, टेमर चांदनी सोनी, टेल -ट्विस्टर नमिता त्रिपाठी, पीआरओ निकिता जयसिंह चुनी गई। सदस्यता विस्तार चेयरपर्सन कौशिल्या तिवारी, क्लब प्रोजेक्ट स्वास्थ्य सेवा डायरेक्टर ऊषा मिश्रा व एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर श्वेता सोनी, क्लब सर्विस चेयरपर्सन, मौसमी दत्ता, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर चेयर पर्सन रोमाना खान, फूड फार हंगर चेयरपर्सन विनीता चरण, क्लब मार्केटिंग चेयरपर्सन अंजू सोनी को चुना गया। इसके अलावा इनवायरमेंट चेयरपर्सन कल्पना गुप्ता व लायंस इमेंज चेयरपर्सन स्नेहा गुप्ता को बनाया गया। इसी प्रकार संचालक मंडल सदस्यों में राजेश मिश्रा, महेश स्वर्णकार, विष्णु गुप्ता, सुशील सर्राफ, परमेश्वर तिवारी, विशाल गुप्ता, आशीष गुप्ता, किशोरी शरण गुप्ता, शिवेंद्र प्रताप सिंह, पंकज सोनी, अरशद खान, जयवंत चरण, रघुवीर गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, गोपाल त्रिपाठी, हीरानन्द जयसिंह, आकाश गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, सारंग राव हुमने, रामरतन सोनी, शशिभूषण सोनी को शामिल किया गया है।

### बुजुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार की रोकथाम के लिए परिसंवाद आज

**बिलासपुर।** बुजुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार की रोकथाम के लिए जागरुकता पर 15 जून को परिसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ज्येष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित ने बताया कि 15 जून को पूरे विश्व में वरिष्ठजनों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार को रोकने व इसके निवारण की दिशा में जागरूकता लाने अनुभव भवन में 15 जून को शाम 5.30 बजे गोष्ठी के साथ परिसंवाद कार्यक्रम होगा। इसके मुख्य वक्ता उच्च न्यायालय बिलासपुर के पूर्व न्यायाधीश चंद्रभूषण बाजपेयी होंगें । सचिव सत्यभामा अवस्थी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जो परिवार समाज में बुजुर्ग आज असहाय की स्थिति में उन्हें प्रताड़ित भी घर परिवार वाले कर रहे हैं, तो इस दिशा में विचार विमर्श एवं कानूनी प्रावधान की जानकारी प्रदत्त करना है। उन्होंने वरिष्ठ जनों से इस परिसंवाद में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### विहिप, बजरंग दल ने की श्रद्धालुओं पर आतंकी हमले की निंदा



**बिलासपुर।** विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को पत्र लिखकर जम्मू कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं पर पाकिस्तान के आतंकवादी हमले की जमकर निंदा की है। परिषद के सदस्यों ने बताया कि जम्मू कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले हिन्दू श्रद्धालुओं पर माता वैष्णो देवी कटरा से शिव खोडी दर्शन को जाते समय 9 जून को इस्लामिक आतंकवादियों ने बस पर अंधाधुंध गोलीबारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थ यात्रियों की हत्या कर दी। वहीं 5 वर्ष के मासूम का बेरहमी से कत्ल कर दिया गया। इसका विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल जिला ईकाई ने जमकर निंदा की है। इस अवसर पर राजीव शर्मा, प्रमोद कश्यप, राजीव अग्रवाल, रुपेश शुक्ला, विक्रांत केशरवानी, मोतीलाल यादव, अवधेश सिंह, सुशांत द्विवेदी, चित्रांगद तिवारी, लक्ष्मी कैवर्त, अर्जुन कैवर्त, लक्की राजा, सालिक यादव, कन्हैया सोनी, ओम पांडेय, गौरव धनकर, दिलीप साहू, कन्हैया साहू, सागर साहू, सुभाष साहू, निखिल पांडेय, प्रहलाद साहू, भूपेंद्र कौशिक, अनिल यादव, मनोज साहू, आदि मौजूद थे।

### ताइक्वांडो समर कैम्प का समापन 4 से 18 साल के बच्चों ने लिया प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर व्यापारी संघ एवं गुलदस्ता फाउंडेशन द्वारा आयोजित ताइक्वांडो समर कैंप का समापन हो गया। व्यापारी संघ के अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता ने बताया कि विपरीत परिस्थिति के लिए बच्चों में स्वयं की रक्षा और बचाव के लिए पिछले 10 दिनों से ताइक्वांडो समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा था। इस कैम्प की कोच नेशनल खिलाड़ी रिमझिम गुप्ता द्वारा 4 से 18 साल तक के बच्चों को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया गया। समर कैंप में व्यापारी संघ के अलावा क्षेत्र के 46 बच्चों ने पंजीयन कराया। रोज़ाना प्रशिक्षण लेने वाले 20 बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता प्रदीप राजगीर, सुनीता श्रीवास्तव, रमेश गुप्ता एवं व्यापारी संघ के सदस्यों का योगदान रहा।

# 'साष्टांग योग' शारीरिक शिक्षा के पाठ्यक्रम का बने भाग: कुलपति

- सीवीआरयू में एक्सप्लोरिंग ट्रेडिशनल इंडियन विजडम इन फिजिकल एजुकेशन ब्रिजिंग द पास्ट विद मॉडर्न प्रैक्टिसेस विषय पर इंटरनेशनल कांफ्रेंस

**बिलासपुर।** डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय में एक्सप्लोरिंग ट्रेडिशनल इंडियन विजडम इन फिजिकल एजुकेशन ब्रिजिंग द पास्ट विद मॉडर्न प्रैक्टिसेस विषय पर दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सऊदी अरब, मलेशिया, ग्वालियर, लखनऊ, रायपुर और शहडोल के अतिथि वक्ताओं ने अपनी बात रखी। यह आयोजन फिजिकल एजुकेशन विभाग एवं फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीवीआरयू के कुलपति प्रो. रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि गीता में ध्यान-योग की बात कही गई है, जो हमारे मन मस्तिष्क एवं शरीर को उन्नत कर उसे परमात्मा से जोड़ने का मार्ग दिखाता है। यही साष्टांग योग शारीरिक शिक्षा के पाठ्यक्रम का भाग बनना चाहिए।

## सीवीआरयू में फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का आयोजन

### खेलकूद में भी विवि आगे: शुक्ला

विवि के कुलसचिव गौरव शुक्ला ने बताया कि शिक्षा के साथ खेलकूद में भी विश्वविद्यालय अग्रणी है, आधुनिक खेलों के साथ-साथ हम पारंपरिक खेलों में भी बहुत आगे हैं। हर विद्यार्थी में व्यक्तिगत रुचि देकर उसकी खेल प्रतिभाओं को विभाग निखार रहा है। इसमें इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस बहुत ही कारगर साबित होगा। हम खेलों के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित करेंगे। विवि की सम कुलपति प्रो. जयति चटर्जी ने कहा कि विवि के विद्यार्थियों ने खेलो इंडिया खेलों से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक नाम रोशन किया है। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में शोधार्थियों को इस दिशा में कार्य करने का अवसर यहां से अवश्य मिलेगा।




**दो दिनों तक अतिथि वक्ता करेंगे चर्चा:** इंटरनेशनल कांफ्रेंस में डा. राकेश तोमर फिजिकल एजुकेशन डिपार्मेंट किंग फेड यूनिवर्सिटी का पेट्रोलियम एंड मिनिरल्स सऊदी अरब डा. लीमन फुल फैकल्टी ऑफ़ एजुकेशन सेगी यूनिवर्सिटी मलेशिया, प्रो. नीरज जैन लखनऊ यूनिवर्सिटी, राजकुमार शर्मा एसोसिएट प्रो. फिजिकल एजुकेशन ग्वालियर मध्यप्रदेश, डा. सीडी अगसे प्रोफेसर और फिजिकल एजुकेशन पं. रवि शंकर शुक्ल विवि रायपुर, डा. आदर्श तिवारी डायरेक्ट एंड हेड डिपार्टमेंट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स, एसएनएसयू, शहडोल मध्यप्रदेश 2 दिनों तक विचार मंथन करेंगे।

### खिलाड़ी दिमाग से नहीं दिल से बोलता है: प्रो जैन

इस अवसर पर लखनऊ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश के प्रो. नीरज जैन ने कहा कि शारीरिक शिक्षा पूरी तरीके से प्रैक्टिकल होती है, हम जो भी बात कहते हैं, उसे करके दिखाते हैं। यह मेडिकल साइंस भी है। जिसमें पूरे शरीर के संबंध में एक जानकारी भी हमारे सामने होती है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी दिमाग से नहीं दिल से बोलता है। उन्होंने खिलाड़ियों से संबंधित अनेक जानकारी साझा की। इस अवसर पर डा. संजीत सरदार, डा. बसंत अंचल, डा. सुरेश सिंह पवार, डा.सतीष गोयल, डा. शेख शाहिद, आलोक शर्मा, डा. गणेश खांडेकर, डा. बी जॉन, डा. कपिल साहू, मनीष मुखर्जी, प्रतीक सिंह, रोहित रजक, तारनी वर्मा, शोधार्थी, एमपीईएस, बीपीईएस, रंजीत सिंह पवार, डा. सुधीर राजपाल, डा. प्रमोद तिवारी, डा. मिलिंद भानदेव, रामपुरी गोस्वामी आदि मौजूद थे।

### बहतराई स्टेडियम में योग का जिला स्तरीय समारोह 21 को

**बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम स्व.बी आर यादव स्मृति राज्य स्तरीय खेल परिसर बहतराई स्टेडियम में




सुबह 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसके लिए जिला कलेक्टर अवनीश शरण ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। विभिन्न अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व के तहत मंच, टेंट एवं योग स्थल पर आवश्यक बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को दी गई है। इसी प्रकार साफ-सफाई, पेयजल, साउंड सिस्टम एवं प्रोजेक्टर की जिम्मेदारी आयुक्त नगर निगम, विद्युत व्यवस्था एवं जनरेटर लोक निर्माण विभाग, मंच संचालन एवं योग आयुष एवं जिला शिक्षा अधिकारी, छात्र-छात्राओं सहित सहभागियों की उपस्थिति शिक्षा विभाग, वाहन व्यवस्था परिवहन विभाग को दायित्व सौंपा गया है।

13 जुलाई को नेशनल लोक अदालत, जोरों से चल रही तैयारी

# चेक बाउंस और धन वसूली प्रकरणों का लोक अदालत में होगा निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आगामी नेशनल लोक अदालत में चेक बाउंस और धन वसूली के प्रकरणों का निपटारा भी किया जाएगा। ऐसे प्रकरणों में समझौते के आधार पर निराकरण करने के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती नीता यादव की निर्देश पर जिला न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में शुक्रवार को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में बैंक एवं फायनेंस कम्पनियों के अधिकारियों एवं पैनल अधिवक्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में बैंक एवं फायनेंस कम्पनियों के अधिकारियों को न्यायालय में लंबित चेक बाउंस से संबंधित मामलों को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में आपसी समझौते के आधार पर निराकृत किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। बैंक एवं फायनेंस कम्पनियों के अधिकारियों को यह भी अवगत कराया गया कि जिन मामलों में बकायादारों से धन वसूली से संबंधित प्रकरण न्यायालय के समक्ष संस्थित नहीं किया गया है, उन मामलों को प्री लिटिगेशन के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा सकता है।




### छोटी रकम के मामले भी रखे जाएंगे

छोटी रकम से संबंधित चेक बाउंस के प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर आगामी नेशनल लोक अदालत में निराकरण के लिए रखे जाने का निर्देश दिया गया। बैंक एवं फायनेंस कम्पनियों के अधिकारियों एवं पैनल अधिवक्ताओं को यह भी निर्देशित किया गया कि जिन मामलों को नेशनल लोक अदालत के लिए चिन्हांकित किया गया है, उन मामलों में समझौते की शर्तें तैयार कर यथाशीघ्र संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए । बैठक में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश किरण त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जसविन्दर कौर अजमानी, संजूलता देवांगन, शंकर कश्यप के अलावा एसबीआई, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, कैनरा बैंक, पीएनबी, ग्रामीण बैंक, एचडीएफसी बैंक, चोला मण्डलम फायनेंस, श्रीराम फायनेंस के अधिकारी एवं अधिवक्ता उपस्थित थे।

## वाराणसी में श्री शिव महापुराण का आयोजन

**बिलासपुर।** श्री मारवाड़ी सेवा संघ द्वारा वाराणसी में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। शिव महापुराण मर्मज्ञ महंत श्री चिन्मय दास जी महाराज ने कथा का रसास्वादन कराया।

इस दौरान गंगा आरती और भजन संध्या का भी आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ से 300 से ज्यादा श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हुए। 12 जून को कथा विश्राम के साथ सभी श्रद्धालुओं ने स्वामी जी से आशीर्वाद लिया। इस दौरान नीरज अग्रवाल,सुमित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, ओम अग्रवाल, शिवांग अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, यश अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, विवेक सोनी, प्रकाश अग्रवाल, अजय मंगल, इंदर दम्मानी सहित अन्य शामिल थे।



## कालेजों में एडमिशन के लिए 18 को ओपन होगा पोर्टल

**बिलासपुर।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शैक्षणिक संस्थाओं के लिए सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत जारी कर दिया है।

कालेजों में प्रथम वर्ष, प्रथम सेमेस्टर में आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी और सभी कालेजों को प्रवेश मार्गदर्शिका का कड़ाई से पालन करना होगा। 16 व 17 जून को अवकाश है, इसलिए 18 से प्रवेश का पोर्टल ओपन होगा। नया शिक्षा सत्र हर साल 16 जून से शुरू होता है और उसी दिन से कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया भी चालू हो जाती है, लेकिन 16 जून को रविवार और 17 जून ईद का अवकाश है, इसलिए अब अटल यूनिवर्सिटी 18 जून से अपना प्रवेश का पोर्टल ओपन करेगा। शासन के उच्च शिक्षा विभाग से नए शिक्षा सत्र के लिए प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत जारी हो गया है। इसके तहत कालेजों में प्रवेश के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा आनलाइन फार्म जमा कराए जाएंगे, जिन कालेजों के जितने फार्म जमा होंगे, उसे उस कालेज को भेजा जाएगा। आनलाइन से प्राप्त आवेदनों में से प्राचार्य प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के नियमों के आधार पर प्रवेश प्रदान करेंगे। अपरिहार्य कारणों से यदि आफलाइन आवेदन जमा करना हो तो आवेदक कालेज में प्रवेश के लिए प्राचार्य द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र समस्त प्रमाण पत्र सहित कालेज में जमा करेंगे। प्रवेश के लिए बोर्ड, यूनिवर्सिटी द्वारा अंकसूची प्रदान न किए जाने की स्थिति में पूर्व संस्था के संबंधित प्राचार्य द्वारा प्रमाणित किए जाने पर बिना अंकसूची के आवेदन पत्र जमा किए जा सकेंगे।

## कोटा में विद्युत मंडल का संभागीय दफ्तर खोलने अटल ने सीएम को लिखा पत्र

**बिलासपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर कोटा में विद्युत मंडल का संभागीय दफ्तर खोलने की मांग की है।



इस संबंध में श्री श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री श्री साय को लिखे अपने पत्र में बताया कि कोटा विधानसभा के अंतर्गत विद्युत मंडल का उपसंभाग कार्यालय कोटा रतनपुर पेण्ड्रारोड एवं विद्युत वितरण केंद्र कोटा, बेलगहना, रतनपुर, चपोरा और गौरेला में स्थापित है। उक्त सभी कार्यालयों का नियंत्रण एवं प्रमुख कार्यालय संभागीय कार्यालय पेंड्रा रोड जिला जीपीएम में स्थापित है। कोटा विधानसभा में कोई भी विद्युत समस्या होने से या कोई दुर्घटना होने पर विद्युत आपूर्ति के लिए संभागीय कार्यालय पेंड्रा रोड़ पर आश्रित रहना पड़ता हैं, जबकि कोटा विधानसभा का प्रशासनिक कार्य बिलासपुर से होता है। श्री श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री श्री साय को पत्र लिखकर विद्युत विभाग का संभागीय कार्यालय कोटा में स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान संभागीय कार्यालय पेण्ड्रा कोटा विधानसभा के कोटा एवं रतनपुर से लगभग 100 किमी दूर है। क्षेत्रवासियों को संपर्क करने में परेशानी होती है। उन्होंने कहा है कि कोटा वृहद एवं वनाच्छादित क्षेत्र है जिससे विद्युत प्रवाह में अवरोध उत्पन्न होते रहता है। श्री श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री से कहा कि विधानसभा में भी इस प्रश्न को उठाया गया था। अतः जनसमस्या को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में कोटा में संभागीय विद्युत कार्यालय स्थापित किया जाए।

## बलौदा बाजार में हुई आगजनी मामले में निरीक्षण करने पहुंचे शहर के कांग्रेस नेता

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज पूर्व, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डा. चरण दास महंत के साथ कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता कांग्रेस के सभी विधायक प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी शुक्रवार को बलौदा बाजार पहुंचे। उन्होंने आगजनी की घटना के बाद जिलाधीश कार्यालय एवं एसपी कार्यालय का निरीक्षण किया।

स्थानीय कांग्रेस नेताओं, स्थानीय व्यापारी प्रतिनिधियों, स्थानीय पीड़ित पक्ष से चर्चा की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जिला कांग्रेस राजीव भवन बलौदा बाजार में आयोजित पत्रकार वार्ता में शामिल हुए पत्रकार वार्ता को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने संबोधित किया। घटना को लेकर राज्य सरकार की असफलता को उजागर कर पूरी घटना के लिए छग शासन की बड़ी चूक मानी।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस नेताओं के साथ विधायक अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक रश्मि सिंह, प्रदेश सचिव आशीष सिंह ठाकुर, प्रमोद नायक, राजेंद्र शुक्ला, अभय नारायण राय, राजकुमार अंचल, अशोक रजवाल, प्रेमचंद जायसी आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया शालेय पत्रिका 'प्रयास' का विमोचन

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने कोटा ब्लॉक के मझगांव शासकीय उमावि द्वारा प्रकाशित शालेय वार्षिक पत्रिका 'प्रयास' का विमोचन किया। उन्होंने पत्रिका प्रकाशन के लिए स्कूल के प्राचार्य शैलेश पांडे सहित स्कूल प्रबंधन और विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी।

उन्होंने कहा कि पत्र-पत्रिकाएं विद्यार्थियों की कलात्मक, रचनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियों को बढ़ाने में सहायक होती हैं। छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जगा कर उन्हें अनुसंधान के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने पत्रिका को विद्यालय की वर्ष भर की



गतिविधियों का दर्पण बताया। उन्होंने कहा कि यह पत्रिका छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व को और अधिक प्रखर करने में अत्यंत उपयोगी साबित होगी। प्राचार्य शैलेश कुमार पांडेय ने पत्रिका में शामिल विषय सामग्री की जानकारी दी।

## कोयलांचल में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं : सीएमडी

गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा को विस्तारित कर दुनिया की सबसे बड़ी खदान बनाने का प्रयास

**देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में एसईसीएल की भूमिका को आप कैसे देखते हैं?**

◆ मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025 तक 1.31 बिलियन टन कोयले और वित्त वर्ष 2030 में 1.5 बिलियन टन कोयले का उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। देश की सबसे बड़ी कोयला कंपनी में शामिल एसईसीएल की इस विजन में एक महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। एसईसीएल द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 तक 260 मिलियन टन एवं वित्त वर्ष 2030 तक 285 मिलियन टन कोयला उत्पादन करने की योजना बनाई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगातार दूसरे वर्ष 20 मिलियन टन से अधिक की वृद्धि के साथ एसईसीएल ने अपने इतिहास का सर्वाधिक 187 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। इसके साथ ही एसईसीएल द्वारा देश के ऊर्जा संयंत्रों को रिकॉर्ड कोयला प्रेषित किया गया। कंपनी अपने मेगाप्रोजेक्ट्स गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा को विस्तारित कर देश ही नहीं बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदानों में तब्दील करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। गेवरा, वित्त वर्ष 22-23 में 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर देश की सबसे बड़ी कोयला खदान बन चुकी है और वित्त वर्ष 23-24 में कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में खदान को 70 मिलियन टन उत्पादन विस्तार की स्वीकृति मिल चुकी है जिससे एशिया की सबसे बड़ी खदान बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।



**पर्यावरण संरक्षण के लिए कंपनी द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं?**

◆ सतत धारणीय विकास को बढ़ावा देते हुए देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना हमारे कार्यसंचालन का आधार है। कंपनी द्वारा चालू वित्त वर्ष में अपने इतिहास के सर्वाधिक 10.77 लाख पौधे लगाए हैं जोकि कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में सर्वाधिक हैं। चालू वित्त वर्ष में एसईसीएल द्वारा निर्धारित लक्ष्य – 430 हेक्टेयर को पीछे छोड़ते हुए 475 हेक्टेयर भूमि को ग्रीन कवर अंतर्गत लाया गया है। इसके साथ ही अगले पांच वर्षों के दौरान एसईसीएल छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में 169 करोड़ रुपये की लागत से 38 लाख पौधे लगाने की योजना है जिसके लिए कंपनी ने इस वर्ष इन राज्यों के राज्य वन विकास निगमों के साथ समझौता किया है। एसईसीएल की जमुना कोतमा ओपनकास्ट परियोजना प्रतिपूरक वनरोपण का एक सुंदर उदाहरण बनकर उभरी है जहां माइन क्लोजर प्लान के तहत किए गए वनरोपण की मदद से लगभग 672 हेक्टेयर का क्षेत्र हरित आवरण युक्त अपने पुराने स्वरूप में लौट आया है।एसईसीएल अपने संचालन क्षेत्र गेवरा में पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर 2 हेक्टेयर क्षेत्र में लोकप्रिय जापानी तकनीक "मियावाकी" जंगल विकसित करने के की योजना पर भी काम कर रही है। इसके साथ ही कंपनी ने कोरबा क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर पोखरी को ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।

### रेल कॉरिडोर और फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी पर चल रहा काम

कोयला उत्पादन एवं प्रेषण के विस्तार के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास बेहद महत्वपूर्ण है। इस वित्तीय वर्ष में, कम्पनी द्वारा अभी तक रिकार्ड लगभग 3800 करोड़ रूपये का पूंजीगत निवेश किया गया है, जिसमें से 1,000 करोड़ रूपये से अधिक की राशि कोयला डिस्पैच से जुड़ी व्यवस्थाओं जैसे एफएमसी, सीएचपी, रेल सायडिंग आदि पर व्यय की गई है। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 3055 करोड़ से अधिक की लागत से बने हमारे सीईआरएल फेस-I रेल कॉरीडोर के खरसिया-धर्मजयगढ़ के लगभग 125 किलोमीटर लम्बाई का रेल नेटवर्क राष्ट्र को समर्पित किया गया है। यह रेल कॉरिडोर रायगढ़ जिले में अवस्थित देश के सबसे बड़े कोलफील्ड्स में से एक मांड-रायगढ़ कोलफील्ड की खदानों को देशभर के पावर प्लांट्स से सीधे जोड़ेगा एवं विद्युतीकृत रेल लाइन के माध्यम से त्वरित ईको-फ्रेंडली कोयला प्रेषण में मदद करेगा। इससे जहाँ एक ओर देश के उत्तरी, उत्तर-पश्चिमी तथा पश्चिमी हिस्सों में स्थित पावर प्लांटों को कोयला भेजे जाने में सुविधा होगी, वहीं दूसरी ओर इससे, राज्य में रोजगार व समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी के तहत एसईसीएल देश भर के ऊर्जा सयंत्रों को ईको-फ्रेंडली कोयला प्रेषण के लिए प्रयासरत है। 24 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री द्वारा एसईसीएल की तीन एफएमसी परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। लगभग 600 करोड़ की लागत से बनी इन परियोजनाओं की वार्षिक कोल हैंडिलिंग क्षमता 41 मिलियन टन है।

### सीएसआर के क्षेत्र में एसईसीएल दे रही अपना योगदान

सीएसआर के माध्यम से एसईसीएल कोयलांचल के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दे रही है। हाल ही में जारी नीट 2024 में एसईसीएल की निशुल्क नीट कोचिंग की योजना "एसईसीएल के सुश्रुत" के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर सभी को गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में पंजीकृत 40 में से 39 बच्चों ने कट-ऑफ को पार कर लिया है और परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस योजना के पीछे हमारा उद्देश्य है कि कोयलांचल में कोई भी प्रतिभा संसाधनों के अभाव में सपने देखना न छोड़े और हमारी यह पहल बच्चों को सपने देखने एवं उन्हें पूरा करने की आज़ादी देता है। एसईसीएल ने गत वित्तीय वर्ष में सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक कार्यों पर सीएसआर व्यय के लक्ष्य को हासिल किया। डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य एवं पोषण आहार पर 60% खर्च के लक्ष्य के मुकाबले एसईसीएल द्वारा सीएसआर व्यय का 70% इस क्षेत्र में खर्च किया गया। कम्पनी ने लगभग 800 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज की सुविधा उपलब्ध करायी है। बस्तर, बीजापुर, कांकेर, महासमुंद एवं नारायणपुर जैसे आकांक्षी जिलों में हमने एम्बुलेंस सहित चिकित्सा के कई उपकरण प्रदान किए हैं। एसईसीएल इस वित्तीय वर्ष, सीपेट व अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं के जरिए भी लगभग 1,500 युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इसके अलावा दिव्यांगों के कौशल विकास, ग्रामीण आदिवासी युवाओं के लिए खेल सुविधा, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क एवं जल की सुविधा, भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण, आदि की दिशा में भी काम किया गया है।

### भूमि-अधिग्रहण कंपनी की खदानों के विस्तार के लिए बेहद महत्वपूर्ण

अधिग्रहण कम्पनी के विकास एवं प्रगति के लिए सबसे महत्वपूर्ण अवयव है। संवेदनशील प्रबंधन, संवादशील प्रबंधन के मंत्र के साथ हम कोयलांचल के भू-स्वामियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वित्त वर्ष 23-24 में लगातार दूसरे वर्ष हमने 700 से अधिक भू-स्वामियों को रोजगार स्वीकृत किया है और आगे भी भू-स्वामियों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

**सरकार द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों खासकर सौर ऊर्जा के विकास पर ज़ोर दिया जा रहा है, एसईसीएल इस दिशा में क्या प्रयास कर रही है?**

◆ एसईसीएल ने कार्बन उत्सर्जन को कम करते हुए एक नेट-ज़ीरो कंपनी बनने का लक्ष्य साधा है और सौर ऊर्जा की इसमें बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। वित्त वर्ष 23-24 में कम्पनी के भटगांव क्षेत्र में 20 मेगावाट की ग्राऊण्ड-माऊण्टेड-ग्रिड-कनेक्टेड सोलर परियोजना को कमीशन किया गया है साथ ही बिश्रामपुर क्षेत्र में भी इसी तरह की परियोजना के जल्द ही पूरे होने की उम्मीद है। कम्पनी के विभिन्न क्षेत्रों में 580 किलोवाट क्षमता के रूफ-टाप परियोजनाएँ संचालित हो रही हैं, वहीं अतिरिक्त 4000 किलोवाट की परियोजनाएँ कार्यान्वयन के अधीन है।

**कोयला मंत्रालय द्वारा भूमिगत खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने पर भी ज़ोर दिया जा रहा है, एसईसीएल इसमें किस प्रकार योगदान देगी?**

◆ भारत के कुल कोयला उत्पादन में आज के समय में भूमिगत खदानों की हिस्सेदारी लगभग 4-4.5% है जो विश्व के अन्य कोयला उत्पादक देशों से काफी कम है। इस देखते हुए कोयला मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2030 तक भूमिगत कोयला उत्पादन को 100 मिलियन टन ले जाने का लक्ष्य रखा है। एसईसीएल भी भूमिगत खदानों से उत्पादन बढ़ाने का प्रयास कर रही है जिससे पर्यावरण-हितैषी कोयला खनन को भी बढ़ावा मिलेगा।

कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2027-28 तक भूमिगत खदानों से उत्पादन को 30 मिलियन टन तक ले जाने का है। भूमिगत खदानों से उत्पादन बढ़ाने के लिए मास प्रोडक्शन टेक्नोलोजी के रूप में कंटीन्यूअस माइनर को लगाया जा रहा है। अभी एसईसीएल की खदानों में 12 कंटीन्यूअस माइनर काम कर रहे हैं एवं वर्ष 2027-28 तक कोयला उत्पादन भूमिगत खदानों से 30 मिलियन टन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इनकी संख्या 57 तक ले जाने की योजना है।

हरिभूमि के 24 वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस की बिलासपुर संस्करण के हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता
कृष सोनी, लोरमी

हरिभूमि की 24 वें स्थापना दिवस एवं माननीय तोखन साहू जी को
आवास एवं शहरीय मंत्रालय में केंद्रीय राज्यमंत्री बनाए जाने पर कोटिश: बधाई...
मा. तोखन साहू मा. अरूण साव
विनीत- ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग लोरमी

हरिभूमि की 24 वें स्थापना दिवस एवं माननीय तोखन साहू जी को
आवास एवं शहरीय मंत्रालय में केंद्रीय राज्यमंत्री बनाए जाने पर कोटिश: बधाई...
मा. तोखन साहू
विनीत- जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक लोरमी

हरिभूमि की 24 वें स्थापना दिवस एवं माननीय तोखन साहू जी को
आवास एवं शहरीय मंत्रालय में केंद्रीय राज्यमंत्री बनाए जाने पर कोटिश: बधाई...
मा. तोखन साहू महाजन जायसवाल
मंडल अध्यक्ष, गोड़खाम्ही

हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस की बिलासपुर संस्करण के हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुनील कुमार लहरे
डायरेक्टर, नेहा पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लोरमी

हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस की बिलासपुर संस्करण के हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती मायारानी सिंह
डॉ. राहुल सिंह
डॉ. योगेन्द्र सिंह छोटेराजा

हरिभूमि की 24 वें स्थापना दिवस एवं माननीय तोखन साहू जी को
आवास एवं शहरीय मंत्रालय में केंद्रीय राज्यमंत्री बनाए जाने पर कोटिश: बधाई...
मा. तोखन साहू मा. अरूण साव
प्रदीप मिश्रा जी मण्डल अध्यक्ष देवरहट
धनीराम यादव जी भाजपा जिला उपाध्यक्ष

हरिभूमि की वें स्थापना दिवस एवं मान. तोखन साहू जी को आवास एवं शहरी विकाय मंत्रालय केन्द्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....
पं प्रदीप मिश्रा जी
अंतराष्ट्रीय कथा वाचक सिहोर
मान. तोखन साहू जी
आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री भारत सरकार
मान. अरूण साव जी
उपमुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
अनिल सलूजा
दिनांक 02/08/24 से लोरमी में शिवमहापुराण कथा का आयोजन लोरमी युवा मण्डल एवं समस्त क्षेत्रवासियों द्वारा किया गया है, जिसमें आप सादर आमंत्रित है....
लक्ष्मी गुप्ता आनंद वैष्णव श्रवण गुप्ता सोहन डड़सेना संजीव श्याम तिवारी मदन तिवारी
विजय खत्री दऊवा महराज विजय जायसवाल पंकज निर्मलकर कमलेश श्रीवास विशाल यादव जुगनू साहू

प्रतिष्ठित अखबार
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
क्रिस्टोफर कुजूर वनपरिक्षेत्र अधिकारी
जंगल को आग से बचाएं पेड़ लगाए, पुण्य कमाएं
सौजन्य-वनविभाग लोरमी वनमण्डल मुंगेली

देश के विश्वसनीय अखबार
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सरपंच मनोज यादव
सचिव मालिकराम अनंत
सौजन्य - ग्राम पंचायत अचानकमार, विकासखण्ड- लोरमी

मनीष त्रिपाठी
पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लोरमी एवं वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सौजन्य - त्रिपाठी मेडिकल स्टोर लोरमी

लोकप्रिय अखबार
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सौजन्य
एक शुभचिंतक

देश के विश्वसनीय अखबार
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सरपंच राजकुमारी मरावी
सरपंच प्रतिनिधि हेमपाल मरावी
सचिव मालिकराम अनंत
सौजन्य - ग्राम पंचायत मोहबंधा, विकासखण्ड- लोरमी

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सौजन्य - एक शुभ चिंतक
सागर सिंह बैस
पूर्व जिलाध्यक्ष कॉंग्रेस कमेटी मुंगेली

देश के विश्वसनीय अखबार
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
वनो को आग से बचाएं, वन्य प्राणियों की रक्षा करें
सौजन्य -अचानकमार टाईगर रिजर्व प्रबंधन लोरमी

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
खुशबू आदित्य वैष्णव जनपद उपाध्यक्ष लोरमी
आदित्य वैष्णव युवा कॉंग्रेस नेता
सौजन्य - समस्त कॉंग्रेस युवा कार्यकर्ता लोरमी

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संतोष साहू
प्रदेश कार्य समिति सदस्य व्यवसायिक प्रकोष्ठ छ.ग.
तोखन साहू
सांसद बिलासपुर, केन्द्रीय राज्यमंत्री शहरी आवास मंत्री

देश के विश्वसनीय अखबार
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नरेन्द्र खत्री
सौजन्य - नरेन्द्र खत्री A ठेकेदार (लोरमी)

देश के विश्वसनीय अखबार
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सौजन्य
एक शुभचिंतक

"उच्च कोटी ईंट निर्माता"
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रूद्रप्रताप सिंह पुष्पराज
सौजन्य - पुष्पराज एण्ड रूद्र प्रताप इंडस्ट्रीज फ्लाई ब्रिक्स लोरमी

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संकलनकर्ता
नूतन गुप्ता
हरिभूमि प्रतिनिधि मो. 9981005353



# 'सरफिरा' बन 12 जुलाई को धमाल मचाएंगे अक्षय

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'खेल खेल में' की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया है। वहीं, अब उन्होंने दूसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा हो चुका है। अक्षय कुमार ने अब 'सरफिरा' की रिलीज डेट का खुलासा करते हुए फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का भी खुलासा किया। अक्षय कुमार जल्द ही 'सरफिरा' में नजर आएंगे, जो साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म 'सोरारई पोटरु' की रीमेक है। आज फिल्म की रिलीज डेट और पहला पोस्टर शेयर किया गया।

लाइफ Style



# दीपिका

## 'बाहुबली' स्टार की बनीं मां

दीपिका पादुकोण, प्रभास और अमिताभ बच्चन स्टारर 'कल्कि 2898 एडी' का ट्रेलर लॉन्च होने के बाद से ही ऑडियंस, इंडस्ट्री, क्रिटिक्स और फैंस में एक्साइटमेंट भर गया है। अपनी वर्सेटाइल परफॉर्मेंस और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए मशहूर एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने इस मच अवेटेड फिल्म में अपनी नई भूमिका से सभी को फिर से चौंका दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक बार फिर एक्ट्रेस फिल्म में मां बनी नजर आएंगी। उन्होंने अपनी मातृत्व की कोमलता को खूबसूरत तरीके से पेश किया है। दीपिका जब भी स्क्रीन पर नजर आ रही हैं, वो डायलॉग डिलीवरी से लोगों को प्रभावित कर रही हैं। उनके इस अवतार को देखने के बाद एक नई चर्चा शुरू हो गई है।

एक्ट्रेस अब तीसरी बार पर्दे पर मां का रोल निभा रही है। इस बार भी उन्होंने कई स्टीरियोटाइप को दरकिनार किया है। दीपिका के नए पोस्टर के रिलीज के बाद मेकर्स ने एक शानदार ट्रेलर लॉन्च किया है। ट्रेलर न सिर्फ सभी को समय में अपने साथ पीछे ले जाता है बल्कि दीपिका के बदलते लुक से भी सभी को चौंका देता है। एक डायस्टोपियन शहर में सेट, दीपिका का किरदार भूरे रंग की कॉस्ट्यूम पहने हुए है। उनका अभिनय दिलों को छूता है, प्रशंसक कहते हैं, 'रानी मां बन रही है।' ट्रेलर में दीपिका मां की भावनाओं में जान फूंकते हुई नजर आ रही हैं। साथ ही बताया जा रहा है कि वो जिस बच्चे को जन्म देंगी वो एक नए युग का आगाज करेगा और बुराइयों को खत्म करेगा। छोटे हेयरस्टाइल और कम से कम मेकअप में दीपिका ट्रेलर में एकदम रीयल और पावरफुल एनर्जी दिखाती नजर आ रही हैं। यह उनके हमेशा की तरह नजर आने वाले ग्लैमरस लुक से हटके है।

हॉलीवुड मसाला



# स्पीलबर्ग की फिल्म में आएंगी नजर

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेत्री एमिली ब्लंट ने हाल ही में अपनी अगली फिल्म को लेकर बात की है। वह फिल्ममेकर स्टीवन स्पीलबर्ग की अगली फिल्म में अभिनय करती हुई दिखाई देंगी। स्टीवन की अन्य फिल्मों की तरह ये भी रहस्यों से भरी हुई होगी। यह फिल्म स्पीलबर्ग द्वारा बनाई गई कहानी पर आधारित है। इसमें डेविड कोएप की कहानी देखने को मिलेगी, जिन्होंने 'जुरासिक पार्क', 'वॉर ऑफ द वर्ल्ड्स', 'इंडियाना जोन्स एंड द किंगडम ऑफ द क्रिस्टल स्कल' लिखी थी। स्टीवन स्पीलबर्ग की ये फिल्म अगले साल 15 मई को रिलीज की जाएगी।



## रिहाना ने की नए म्यूजिक एल्बम की घोषणा

**लॉस एंजिलिस।** ग्लोबल स्टार रिहाना के फैंस के लिए खुशखबरी है। पिछले काफी दिनों से सिंगर को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म थी कि वो म्यूजिक इंडस्ट्री छोड़ने वाली हैं। हालांकि, रिहाना ने अब खुद इन अफवाहों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने अपने नए म्यूजिक एल्बम की घोषणा कर दी है। रिहाना दुनिया के सबसे अमीर सिंगर्स में शामिल हैं। गाने के साथ-साथ वो फैशन इंडस्ट्री पर भी रहा करती हैं। हाल ही में रिहाना ने अपनी नई हेयर केयर लाइन लॉन्च की, जहां पर उन्होंने नया एल्बम बनाने को लेकर जानकारी शेयर की। रिहाना ने आखिरी बार साल 2016 में अपना म्यूजिक एल्बम 'एंटी' लॉन्च किया था। इसके बाद उन्होंने अपनी ब्यूटी लाइन और लॉन्जरी फैशन लाइन लॉन्च की। इसके अलावा वो कई अलग-अलग क्लोदिंग ब्रांड से जुड़ी हुई हैं।

# रवीना ने लगाया मानहानि का आरोप...



**मुंबई।** रवीना टंडन ने सोशल मीडिया पर अपने वायरल वीडियो को लेकर लोगों का ध्यान खींचा। भीड़ के बीच फंसी एक्ट्रेस के वीडियो ने उनके फैंस को झकझोर कर रख दिया। 2 जून को रवीना टंडन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। वीडियो पोस्ट करने वाले ने खुद को फ्रीलांस जर्नलिस्ट बताया और अभिनेत्री पर आरोप लगाया कि उन्होंने नशे की हालत में एक बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट की और अपनी कार से कुछ लोगों को टक्कर मारी। हालांकि, सीसीटीवी की जांच बाद में मुंबई पुलिस ने स्पष्ट किया कि उन पर लगाए गए आरोप झूठे थे। वहीं, अब इसे मामले को लेकर रवीना टंडन कोर्ट पहुंच गई हैं। उन्होंने वीडियो शेयर करने वाले पर मानहानि का आरोप लगाया।

# 'बॉर्डर 2' की रिलीज डेट आई सामने



**मुंबई।** सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' की घोषणा के ठीक एक दिन बाद अब फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी गई है। पिछले साल सनी देओल की सीक्वल फिल्म 'गदर 2' की भारी सफलता के बाद ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बॉर्डर' के सीक्वल 'बॉर्डर 2' को लेकर चर्चा तेज हो गई है। 'बॉर्डर 2' की रिलीज डेट की खबर ने इस फिल्म का इंतजार कर रहे फैन्स का उत्साह और बढ़ा दिया है। फेमस फिल्म क्रिटिक्स तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म की रिलीज की जानकारी शेयर करते हुए कहा है, 'सनी देओल, जेपी दत्ता, भूषणा कुमार ने फिल्म बॉर्डर 2 की घोषणा कर दी है जो 23 जनवरी 2026 को रिलीज होने जा रही है।' बताया गया है कि भारत की सबसे बड़ी वॉर फिल्म कहलाने वाली इस मूवी को रिपब्लिक डे पर एक्सटेंडेड वीकेंड मिलने वाला है।



# हरिभूमि
समाचार ही नहीं विचार भी

## बिलासपुर संस्करण के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




































## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी केंद्रों में भर्ती के लिए मंगाए आवेदन

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 एवं सहायिका के 2 रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। ग्राम पंचायत पेण्डारी के केन्द्र क्रमांक 3 के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत बेलटुकरी के केन्द्र क्रमांक 2 के लिए सहायिका एवं ग्राम पंचायत पांड के केन्द्र क्रमांक 2 के लिए सहायिका के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की भर्ती के लिए 20 जून से 4 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी तथा निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी से प्राप्त कर सकते हैं।

### सिलेंडर चोरी करने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे



**बिलासपुर।** दीनदयाल कॉलोनी निवासी चिराग जैन 30 वर्ष प्रापर्टी डीलर हैं, उन्होंने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई की उनके दीन दयाल कॉलोनी स्थित मकान एलआईजी 553 में 4 सिलेंडर रखा हुआ था। इनमें रमन कुमार बरेठ व दो खाली गैस सिलेंडर खेमचंद देवांगन का था। सिविल लाइन पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 27 खोली कुदुदण्ड पंप हाउस निवासी नूतेश उर्फ पिंटू मिश्रा पिता सालिक राम मिश्रा 25 वर्ष, एसबीटी कॉलेज के पास कुदुदण्ड निवासी अनिश कश्यप पिता कैलाश कश्यप 31 वर्ष को गिरफ्तार करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

### गली में बैठने के नाम पर दो परिवार भिड़े

**बिलासपुर।** तालापारा बजरंग चौक के पास रात में गली में घर के बाहर बैठने के नाम पर दो परिवार आपस में भिड़ गए। ऐसे में सिविल लाइन थाना पहुंच घायलों ने शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित कार्तिक गुप्ता ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वो तालापरा बजरंग चौक के पास रहता है और रोजी मजदूरी करता है। 14 जून की रात 12 बजे अपने पत्नी आकांक्षा के साथ घर के बाहर बैठा था। तभी करन गुप्ता, बिट्टू, सीता और अन्य लोग वहां पहुंचे और पुराना विवाद होने के कारण बैठने से मना करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसमें बचाव करने आए कार्तिक के पिता विनोद गुप्ता, बहन अंजली तेवर को भी मारा इस मारपीट में कार्तिक के पेट, पीठ, कंधा,होठ, चेहरा , आकांक्षा को दोनों हाथ, गर्दन, विनोद गुप्ता को पैर, हाथ में तो वहीं अंजली तेवर के चेहरे में चोट लगी है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

### 23 वर्षीय युवक ने लगा ली फांसी

**बिलासपुर।** घर वालों के बाहर जाते हुए घर में अकेले रह रहे युवक ने फांसी लगा ली। गांव से लौटने के बाद परिजनों से उसका शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मरच्यूरी भेज दिया। कोनी थाना क्षेत्र के ग्राम जलसो निवासी मनीष कुमार सूर्यवंशी पिता विनोद कुमार सूर्यवंशी 23 वर्ष ने अपने घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। उसके परिजन कुछ दिनों के लिए सक्ती गए थे। ऐसे में जब शुक्रवार को परिजन वापस लौटे तो उन्होंने घर के कमरे में मनीश का शव फांसी के फंदे पर लटकता देखा। इसके बाद परिजन कोनी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव फंदे से उतरकर पोस्टमार्टम के लिए मरच्यूरी भेज दिया।


मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371


# एमआरआई- सीटी स्केन बंद, कलेक्टर पहुंचे सिम्स तो बगलें झांकने लगे डाक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में फैली अव्यवस्थाओं का खामियाजा मरीजों को ही भुगतना पड़ रहा है, करोड़ों रूपए खर्च करने के बाद भी मरीजों को एमआरआई और सीटी स्कैन से जांच की सुविधा नहीं मिल पा रही है, ऐसे में उन्हें निजी सेंटर जाना पड़ रहा है। कलेक्टर शुक्रवार को सिम्स पहुंचे और हालत का जायजा लिया। इस दौरान डाक्टरों से रेडियोलॉजी विभाग में फैली अव्यवस्था को लेकर सवालों की झड़ी लगाई, जिसके बाद डाक्टर बगलें झांकने को मजबूर हो गए। बताया जा रहा है कि डिपार्टमेंट हेड ने एमएस और डीन को भेजे गए पत्रों का हवाला दिया, जिसके बाद कलेक्टर ने डाक्टरों से कहा कि क्यों मशीनें नहीं नहीं बनाई जा रही है।

■ मरीजों को निजी सेंटर में कराना पड़ रहा है एमआरआई और सीटी स्कैन



निरीक्षण के दौरान निर्देश देते कलेक्टर अवनीश शरण।



सिम्स में भर्ती मरीज का हाल चाल पूछते कलेक्टर।

कलेक्टर अवनीश शरण ने शुक्रवार को सिम्स अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान दो-तीन माह से चल रहे निर्माण एवं सुधार कार्यों का जायजा लिया और कार्य की प्रगति भी जांची। कलेक्टर ने मरीज एवं उनके परिजनों से अनुभव साझा किए। पिछले 15 दिनों से सिम्स के 3 करोड़ रूपए से स्थापित एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें बंद हैं, जिसकी जानकारी कलेक्टर को भी है, इस बंद का कारण जाने कलेक्टर स्वयं ही रेडियोलॉजी विभाग पहुंचे और अव्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने डाक्टरों से मशीनों के खराब होने और सुधार कार्य में अनावश्यक देरी को लेकर कई सवाल किए, इस दौरान एचओडी से अबतक किए गए कार्रवाई की जानकारी भी मांगी। कलेक्टर ने साफ तौर पर कहा कि मरीजों को दिक्कतें हो रही हैं, ऐसे में तत्काल मशीनें सुधरवाई जाएं। कलेक्टर ने ट्राइएज एरिया (आपातकालीन सेवा कक्ष) का निरीक्षण किया और सेवाओं को शुरू करने के लिए लंबित विभिन्न मुद्दों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मेडिसीन वार्ड, मेडिकल रजिस्ट्रेशन विभाग में भीषण तापमान की स्थिति को लेकर व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

भोजन और परिजनों के विश्राम के लिए बनाये गये अटेंडेंट शेड का भी अवलोकन किया। अस्पताल के रैंप के पास 2 नई लिफ्टों की स्थापना के संबंध में भी अपडेट जानकारी ली। साथ ही गार्डन में चल रहे सौंदर्यीकरण देखी और आवश्यक निर्देश दिए।



प्लेटफार्म में गर्म हवाओं के चलने की वजह से यात्री टिकट काउंटर के सामने हॉल में ही रुक रहे हैं।

### मेंटनेंस और नॉन इंटरलॉकिंग के नाम पर ट्रेनों को रद्द कर रही रेलवे

# सप्ताहभर में 115 से अधिक ट्रेनें रद्द, अब रिफंड के लिए दौड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चुनाव खत्म होने के साथ एक बार फिर ट्रेनों के रद्द होने का सिलसिला शुरू हो गया है। विकास कार्य के नाम पर लगातार ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। स्थिति ये है कि लोग स्टेशन जाने से पहले हर दिन लिस्ट चेक करते हैं। सप्ताहभर के भीतर ही 115 से अधिक ट्रेने रद्द की जा चुकी हैं। हाल ही में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 50 से ज्यादा ट्रेनें रद्द की जा चुकी हैं। छुट्टियों के सीजन में ट्रेनों के रद्द होने से यात्री सुविधाएं मानों बेपटरी हो गई है।

■ रिजर्वेशन वाले हो रहे परेशान

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल में काम के कारण नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य 22 से 30 जून तक चलेगा। ऐसे में ट्रेनों में सफर करना यात्रियों के लिए जुलाई माह तक परेशानी वाला रहेगा। मानसून आने से ठीक पहले मेंटनेस और काम के नाम पर रेलवे भी ट्रेनों को रद्द करने लगी है। एक-दो महीने पहले ही कंफर्म टिकट लेकर यात्रा करने का इंतजार कर रहे यात्री अब रिफंड लेने स्टेशन की दौड़ लगानी पड़ रही है।

#### मेंटनेंस के नाम पर गाड़ियां रद्द

दपूमरे से गुजरने वाली ट्रेनों को लगातार पटरियों के कार्य से रद्द किया जा रहा है। 4 जून को रेलवे ने 18 ट्रेनों को रद्द करने का आदेश जारी किया था, जिसके बाद लगातार 10 दिनों तक ट्रेन रद्द होती रही। वर्तमान में 14 जून से 13 जुलाई तक अलग-अलग तारीख में 115 ट्रेन रद्द हो चुकी है। जून में ऐसी कोई तारीख नहीं बची है, जिसमें ट्रेन रद्द न हो, इसलिए अब रेलवे ने जुलाई में ट्रेन रद्द करना शुरू कर दिया है। गुरुवार को रेलवे ने 50 ट्रेनों को रद्द करने का आदेश जारी किया, जिसमें 24 एक्सप्रेस ट्रेन जून से 13 जुलाई के बीच रद्द रहेगी। बाकी 28 ट्रेन का परिचालन जून में नहीं होगा।

#### 10 दिनों में केवल 15 रद्द ट्रेनें पटरी पर लौटीं

रेलवे द्वारा लगातार ट्रेन रद्द की जा रही है। जबकि 10 दिनों में केवल 15 रद्द ट्रेन पटरी में लौटी हैं, उसमें 10 लोकल पैसेंजर ट्रेन है। अब गुरुवार को रद्द हुई ट्रेनों में दुर्ग-निजामुद्दीन एक्सप्रेस, संतरागाछी रानी कमलापति एक्सप्रेस,भुवनेश्वर-कुर्ला, सिकंदराबाद- दरभंगा एक्सप्रेस, बीकानेर-पुरी, शालीमार- भुज एक्सप्रेस समेत विशाखापटनम-अमृतसर एक्सप्रेस, भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन रद्द रहेगी, जिससे हजारों यात्रियों को एक बार फिर से दिक्कत होगी। यात्री रोजना टिकट का रिफंड लेने से अब परेशान हो चुके हैं।

# दो सबस्टेशन और 11 फीडर रहेंगे बंद, 12 बजे शुरू होगी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इन दिनों 33 केवी और 11 केवी लाइनों में फाल्ट आना और सबस्टेशन से सप्लाई बाधित होना आम बात हो चुका है, ऐसे में बारिश को देखते हुए विभाग सब स्टेशन में मेंटनेंस शुरू कर रहा है। लिंकरोड जोन में शनिवार को सुबह 8 से 12 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। इस दौरान 2 सबस्टेशन और 11 फीडर 4 घंटे के लिए बंद रहेंगे।

शनिवार को ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा शनिवार की सुबह से ही बिजली बंद की जाएगी। इस दौरान बिजली उपभोक्ताओं को 4 घंटे बिजली बंद का सामना करना होगा।

■ आरटीओ और व्यापार विहार सबस्टेशन में होगा काम

बताया जा रहा है कि 132/ 33 केवी तिफरा सबस्टेशन से निकलने वाली लाइनों में रखरखाव किया जाना है, इसके चलते आरटीओ और व्यापार विहार सबस्टेशन और 11 केवी के फीडर बंद रहेंगे। इस दौरान सीएमडी कालेज चौक, विद्यानगर, राजीव प्लाजा, करबला, कश्यप कालोनी, लिंक रोड, मित्रविहार, श्रीकांत वर्मा मार्ग, जिला अस्पताल, श्रीराम मार्केट, व्यापार विहार, अज्ञेय नगर, क्रांति नगर, विनोबा नगर, डीपूपारा, तारबहार, व्यापार विहार, मैग्नेटो मॉल के आसपास के बीच बिजली बंद रहेगी। इसके साथ ही जोन के अधिकारी भी इस मेंटनेंस शेड्यूल के दौरान ट्री कंटिग और रखरखाव का काम देखेंगे। खास बात यह है कि शेड्यूल के दौरान ही रेलवे लोको और सिपिनिंग मील में एचटी मेंटनेंस विभाग द्वारा मेंटनेंस किया जाएगा।

# 112 में किया फोन, आधे घंटे देर से पहुंचने पर आरक्षक को पीटा

**बिलासपुर।** दो भाईयों में मारपीट होने पर एक ने मदद के लिए पुलिस के डायल 112 को फोन किया, लेकिन पुलिस की गाड़ी आधे घंटे लेट से घटना स्थल पर पहुंची तो मदद मांगने वाले युवक ने सिपाही के साथ विवाद करते हुए उसकी पिटाई कर दी।

जानकारी अनुसार थाना रतनपुर क्षेत्र गिरजा मंदिर के पास दो भाइयो में लड़ाई झगड़ा और मारपीट हो रही थी। ऐसे में डायल 112 को फोन किया गया। रतनपुर डायल 112 की गाड़ी ख़राब होने से कोटा 112 की टीम 30 मिनट बाद मौके पर पहुंची। यहां गिरजाबंद निवासी अरूण यादव को उसके भाई दिनदयाल यादव के बीच मारपीट हुई थी। उसे इलाज के लिए सीएचसी रतनपुर जाने कहा गया, तभी मोहल्ले का विनय धीवर वहां पहुंचा और आरक्षक से दुर्व्यवहार करते हुए, इतना समय लगता है मर जाते तो क्या होता, बोलकर गाली-गलौज करने लगा। इसके साथ ही मदद के लिए बुलाने वाले अरुण यादव भी धक्का मुक्की कर मारपीट करने लगा, जिससे आरक्षक को चोटें आई हैं। आरक्षक ने थाना प्रभारी व थाना पेट्रोलिंग को सूचना दी। आरोपी अरूण व विनय के खिलाफ धारा 186, 353,294,323 और 34 के तहत उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

#### जवानों से गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं: एसपी

इस मामले में एसपी रजनेश सिंह ने कहा है कि ड्यूटी के दौरान पुलिस के जवानों से अनावश्यक न उलझें। पुलिस के किसी अधिकारी-कर्मचारी के व्यवहार को लेकर समस्या होने पर उच्च अधिकारियों से लिखित में शिकायत की जा सकती है। ड्यूटी के दौरान पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी से गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस तरह का मामला सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नाली व सड़क पर मलबा डंप, निगम ने किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### 30 से अधिक लोगों पर हुई कार्रवाई

नगर निगम सड़क व नालियों में अतिक्रमण कर या मलबा डंप कर जाम करने के मामले लगातार कार्रवाई कर रहा है।

शुक्रवार को निगम ने सभी जोन स्तर पर 30 से अधिक लोगों पर कार्रवाई कर 77 हजार 500 रुपए जुर्माना वसूल किया है।

■ कार्रवाई के दौरान 77 हजार 500 रुपए वसूले

बारिश में जल भराव की समस्या से बचाव के लिए बारिश के पूर्व शहर के नाला-नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर जारी है। नाला-नालियों के सफाई का यह दूसरा चरण है। इससे पूर्व अप्रैल माह में पहले चरण के तहत शहर के सभी नाला-नालियों की सफाई की जा चुकी है। दूसरे चरण के तहत अभी सफाई कार्य जारी है। वहीं नालियों के ऊपर अतिक्रमण और मलबा डंप कर नाली को जाम करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई लगातार जारी है। आज निगम के सभी जोन स्तर पर ऐसे तकरीबन 30 से अधिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 77 हजार 500 रुपए जुर्माना वसूल करते हुए अतिक्रमण हटाया गया है।



नाला सफाई कराते निगम के कर्मचारी।

निगम कमिश्नर अमित कुमार द्वारा सभी अधिकारियों को बारिश के दौरान होने वाली समस्याओं को चिंहित कर उसके समाधान और बचाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत नालियों की सफाई, पानी निकासी के उपकरणों को मिशन मोड में तैयार रखना, आपदा की स्थिति में ठहराने के लिए भवनों का चयन और नाली कहीं भी जाम न हो इसके लिए सतर्क रहना है।

इसी तारतम्य में निगम द्वारा लगातार नालियों की सफाई और जाम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

#### बारिश तूफान में फ्लैक्स बैनर भी समस्या

बारिश में आंधी तूफान की वजह से फ्लैक्स बैनर से भी जनहानि होने की आशंका है जिसके लिए पहले से ही निगम अभियान चला रही है। आज भी शहर की सड़कों, चौक-चौराहों से नगर निगम ने अवैध रूप से लगे फ्लैक्स बैनर को हटाया और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। आंधी तूफान के दौरान किसी भी प्रकार के हादसे को देखते हुए निगम काम रहा है।


कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल: 9827143060/8871003060
Ajay Advt.






14-Jun- BSP-Bhoomi pg-14 Full page (OUTER)_Layout 1 6/15/2024 1:33 AM Page 1



# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...





























































संकलनकर्ता : संदीप अग्रवाल, हरिभूमि प्रतिनिधि, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही मो. 9425226200